31 Mar -26 page 1 30-03-26 10:35 PM Page 1


# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 31 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 97 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को चेतावनी

# 'अगर जल्द समझौता नहीं हुआ तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप'



**नई दिल्ली।** अमेरका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान में अपनी सैन्य कार्रवाई खत्म करने के लिए एक नए और पहले से अधिक समझदार शासन से गंभीर बातचीत कर रहा है। बातचीत में अच्छी प्रगति हुई है और उम्मीद है कि जल्द समझौता हो जाएगा। लेकिन अगर जल्दी समझौता नहीं हुआ, और अगर होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत व्यापार के लिए खुला नहीं किया गया, तो अमेरिका ईरान में अपने इस रुकने को खत्म करते हुए वहां के बिजली बनाने वाले प्लांट, तेल के कुएं और खार्ग द्वीप (और संभव है समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने वाले प्लांट भी) को पूरी तरह नष्ट कर देगा। अभी तक इन जगहों को जानबूझकर नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई उसके उन सैनिकों और अन्य लोगों की मौत के जवाब में होगी, जिन्हें ईरान के पुराने शासन के 47 साल के आतंक के दौरान मारा गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी बल फारस की खाड़ी में स्थित ईरान के प्रमुख तेल क्षेत्र खार्ग द्वीप को आसानी से अपने नियंत्रण में ले सकते हैं। ट्रंप ने समाचार पत्र ह्यफाइनेंशियल टाइम्सह्व को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। ट्रंप ने कहा कि हो सकता है कि हम खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लें, हो सकता है कि हम ऐसे न भी करें। हमारे पास कई विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी होगा कि हमें कुछ समय के लिए वहां (खार्ग द्वीप पर) रहना होगा। वहां ईरान की रक्षा व्यवस्था के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उनके पास कोई रक्षा व्यवस्था है।

हम इसे बहुत आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं। अमेरिका ने खार्ग द्वीप पर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे।

ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिकी सेना उसकी धरती पर कदम रखती है तो वह खाड़ी के अरब देशों पर जमीनी आक्रमण करेगा और नए हमले करेगा।

# राकेश टिकैत की गिरफ्तारी पर भड़के किसान गाजियाबाद के थानों पर शुरू हुआ धरना

### - कई थानों पर दरी बिछाकर बैठे किसान व भाकियू







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उड़ीसा में किसानों के मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के बाद देशभर में किसानों में आक्रोश फैल गया है। इसी कड़ी में सोमवार शाम से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के कई थानों पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों और किसानों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुरादनगर, मोदीनगर, मधुबन बापूधाम, लोनी और वेव सिटी थानों पर किसान दरी बिछाकर बैठ गए और किसान नेता राकेश टिकैत की रिहाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। किसानों ने उड़ीसा सरकार की इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि यह कार्रवाई किसानों की आवाज दबाने का प्रयास है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं बिजेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा किया गया यह कदम किसानों के अधिकारों पर सीधा हमला है और जब तक राकेश टिकैत को रिहा नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। सूत्रों के अनुसार, यदि देर रात तक राकेश टिकैत की रिहाई नहीं होती है, तो मंगलवार से जिला मुख्यालय पर भी बड़े स्तर पर धरना शुरू किया जाएगा। साथ ही प्रदेशभर के अन्य जिलों में भी थानों पर इसी तरह के प्रदर्शन तेज किए जाएंगे। किसानों ने स्पष्ट किया है कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन अपनी मांगों को लेकर वे पीछे नहीं हटेंगे।

## भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ओड़िसा में गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को ओड़िसा में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह भुवनेश्वर में आयोजित किसानों के कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी



गिरफ्तारी की जानकारी मिली तो मुजफ्फरनगर के कार्यकताओं में आक्रोश भड़क गया। कार्यकताओं ने जिले के सभी थानों में डेरा डाल दिया है। उधर, बागपत में भी भाकियू कार्यकताओं में गुस्सा है और पूरे जिले में थानों का घेराव शुरू हो गया है।

सोमवार की शाम लगभग पौने पांच बजे कार्यकताओं को जानकारी मिली कि चौधरी राकेश टिकैत को उड़ीसा में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद सिसौली में किसान भवन में भाकियू पदाधिकारियों ने मीटिंग कर थानों के घेराव का निर्णय लिया।

## तो क्या निगम का बुल्डोजर चल गया रेलवे की जमीन पर

# निगम ने बना दी दुकान और रेलवे ने भेज दिया खाली करने का नोटिस!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकारी एक्शन में कई बार नियमों का रिएक्शन हो जाता है। नगर निगम अपनी जमीनों को समय समय पर अवैध कब्जे से मुक्त कराता है और फिर उनकी तारबंदी करता है। बीते दिनों नगर निगम का बुल्डोजर कैला भटटा क्षेत्र के लेकर लाईनपार क्षेत्र में उस जमीन पर चला है जो कहीं रेलवे की है तो कहीं रेलवे की है। शहर विधायक ने अपने क्षेत्र में जब सेना की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया तो उन्होंने एक एक कदम सिस्टम से उठाया।

वो पहले दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले। उन्हें पत्र देकर पूरा मामला बताया। फिर उस जमीन को खाली कराया और पौधे लगाये। वहीं दूसरा एक्शन नगर निगम ने लिया और नगर निगम का बुल्डोजर कैला भटटा ईलाके में उस जमीन पर पहुंच गया जो रेलवे की जमीन है। बताते हैं कि निगम का बुल्डोजर रेलवे की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा कर आ गया।

निगम वाले इस बात से अंजान थे कि जमीन रेलवे की है। लेकिन जब जमीन खाली हुई तो सबसे पहले निगम ने यहां राजस्व बढ़ाने के उददेश्य से पार्किंग चलवा दी। इसके बाद निगम ने अपने खजाने से पैसे खर्च किये और खजाने की रकम सेदुकाने बनवा दी। दुकानों की बोली लगवा दी और खरीददार दुकानों में आकर बैठ गया। उन्हें तो यहीं पता है कि सरकारी महकमा है और जमीन बेच रहा है तो जमीन नम्बर एक की होगी। लेकिन जब ये जमीन की फाईल खुली तो पता चला कि जमीन तो रेलवे की है और इसे पुरानी लाहौर रेलवे लाईन कहा जाता है। सूत्र बताते हैं कि रेलवे ने अब नगर निगम से अपनी जमीन वापस मांग ली है। जमीन खाली करने का एक नोटिस भी दिया गया है। अब तलाश उस आदेश की हो रही है जिन आदेशों के तहत निगम का बुल्डोजर रेलवे की जमीन को खाली कराने पहुंचा था। अब जब जांच होगी तो ये भी पता चलेगा कि बिना पड़ताल के भी निगम ने रेलवे की जमीन आखिर क्यों खाली कराई और क्यों बेच दी। फिलहाल इस मामले की चर्चा निगम के गलियारों में भी हो रही है। हालाकि मामला अभी जांच का है और जमीनको लेकर दोनों ही सरकारी विभाग अपना अपना दावा कर सकते हैं लेकिन जिस तरह से रेलवे ने पहल की है उससे लग रहा है कि जमीन रेलवे की है। सूत्र बताते हैं कि जब इस जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया था तभी ये बात सामने आयी थी कि जमीन रेलवे की है लेकिन तब किसी ने इतना ध्यान नहीं दिया था।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम का हालचाल जानने पहुंचे विधायक संजीव शर्मा व रामावतार जिंदल



**विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि आचार्य जी का सान्निध्य सदैव प्रेरणादायक रहा है और उनके स्वास्थ्य लाभ की सभी लोग प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं रामावतार जिंदल ने भी उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि आचार्य जी का मार्गदर्शन समाज को दिशा देता है।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री श्री 1008 श्रीमद् जगद्गुरु श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी महाराज के स्वास्थ्य का हालचाल जानने के लिए विधायक संजीव शर्मा एवं सुहेल देव पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार जिंदल ने उनके श्रीचरणों में उपस्थित होकर कुशलक्षेम जानी। इस दौरान दोनों नेताओं ने आचार्य जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके साथ आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने आचार्य प्रमोद कृष्णम्के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि उनका आध्यात्मिक एवं नैतिक मार्गदर्शन समाज और राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि आचार्य जी का सान्निध्य सदैव प्रेरणादायक रहा है और उनके स्वास्थ्य लाभ की सभी लोग प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं रामावतार जिंदल ने भी उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि आचार्य जी का मार्गदर्शन समाज को दिशा देता है। अंत में सभी ने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि आचार्य प्रमोद कृष्णम जी शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होकर पुनः अपने दायित्वों का निर्वहन करें और समाज को मार्गदर्शन देते रहें।



# डॉक्टर अम्बेडकर जयंती पर भाजपा देगी एक मजबूत संदेश बाबा साहेब जयंती पर होगा कई कार्यक्रमों का समावेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत की राजनीति में दो नाम ऐसे हैं जिनके बिना यहां किसी भी दल की राजनीतिक विचारधारा को परिभाषित ही नहीं किया जा सकता। ये नाम किसी दल में नहीं बल्कि राजनीतिक संस्कृति के नाम हैं।

महात्मा गांधी और डॉ बीआर अम्बेडकर का नाम भारत की राजनीति का अभिन्न अंग है। संविधान निर्माता कहे जाने वाले डॉ बीआर अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाती है।

ये नाम दलित हितों का सबसे बड़ा संरक्षक नाम है तो इस नाम के बिना किसी भी दल की राजनीतिक परिकल्पना ही अधूरी है। इस वर्ष 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ बीआर अम्बेडकर की जयंती मनाई जायेगी। एक बड़ा संदेश यहां पर भाजपा देने की तैयारी कर रही है। 14 अप्रैल को लेकर संगठन का चार्ट तैयार हो गया है। कार्यक्रम कई दिवसीय भी हो सकता है। भाजपा यहां दलित हितों की सबसे बड़ी हितैषी पार्टी होने का संदेश देगी। वो मंडल से लेकर महानगर तक कई कार्यक्रम लेकर आ रही है। मंडलों में कार्यक्रम होंगे, बूथ पर कार्यक्रम होंगे। दलित बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

बताते हैं कि चुनावी आहट नजदीक है और इसी के चलते यहां भाजपा किसी और दल के लिए स्थान नहीं छोड़ना चाहती। वो पंच तीर्थ वाली परिकल्पना से परिपूर्ण है। प्रदेश स्तर पर संगठन की बैठकें हो रही हैं। विस्तृत कार्यक्रम हो रहे हैं और 14 अप्रैल को लेकर महानगर स्तर पर कार्यक्रम का चार्ट घोषित होने जा रहा है।

# मुश्किल हो जाएगा समझ पाना यह मंदिर है या क्राइम ब्रांच का थाना, 2 अप्रैल को पंचमुखी हनुमान मंदिर की होगी प्राण प्रतिष्ठा



### प्राण प्रतिष्ठा

### "पुलिस कमिश्नर करेंगे अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों व्यापक स्तर पर बदलाव देखने को मिल रहा है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच परिसर को एक नई पहचान दी जा रही है। परिसर को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि यह केवल एक पुलिस कार्यालय थाना न रहकर आधुनिक सुविधाओं, बेहतर कार्य वातावरण और धार्मिक आस्था का संगम बनता नजर आए।

इसी क्रम में क्राइम ब्रांच परिसर के भीतर भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस मंदिर में 2 अप्रैल को विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा। मंदिर के लिए हनुमान जी की विशेष मूर्ति राजस्थान से मंगाई गई है और मंदिर को कोटा स्टोन से सजाकर आकर्षक और भव्य रूप दिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विधिवत पूजन, धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर को खास बनाते हुए पुलिस कमिश्नर द्वारा परिसर में तैयार की गई विभिन्न नई सुविधाओं, भवनों और कार्यालयों का उद्घाटन एवं लोकार्पण भी किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों ने बताया है कि दो अप्रैल के कार्यक्रम में विधिवत पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान होगा। तो भंडारा कार्यक्रम का आयोजन भी रहेगा। इसी के साथ नवनिर्मित भवनों और कार्यालयों का उद्घाटन भसी रहेगा। तो क्राइम ब्रांच परिसर का औपचारिक लोकार्पण किया जाएगा।

### शुरू होगा नया कैफेटेरिया



करंट क्राइम : बता दें कि क्राइम ब्रांच परिसर को आधुनिक प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। यहां लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के लिए नए और सुसज्जित कक्ष बनाए गए हैं, जिससे खुफिया तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके अलावा परिसर में एक आधुनिक कैफेटेरिया भी तैयार किया गया है, जिससे पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परिसर को केवल कार्यस्थल तक सीमित न रखते हुए इसे परिवार अनुकूल भी बनाया गया है। यहां बच्चों के खेलने के लिए पार्क और झूले लगाए गए हैं, साथ ही आकर्षक वॉटर फाउंटेन और शिवजी थीम पर आधारित संरचना परिसर की सुंदरता को और बढ़ा रही है। सुरक्षा के लिहाज से भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। परिसर में एक चेक पोस्ट स्थापित की जा रही है, जहां 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। पूरे परिसर को आधुनिक और व्यवस्थित तरीके से विकसित किया गया है, जिससे सुरक्षा और कार्यक्षमता दोनों में सुधार होगा।अब यहां पर लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के नए कक्ष। तो हाईटेक कैफेटेरिया की सुविधा भी मिलेगी। वहीं बच्चों के लिए पार्क और झूले,वॉटर फाउंटेन और शिव थीम इंस्टॉलेशन किया गया है।

### 24 घंटे सुरक्षा के लिए चेक पोस्ट

करंट क्राइम : इस परिसर को जहां कॉरपोरेट स्टाइल में विकसित किया गया है। तो एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह के अनुसार, इस पूरे परिसर को एक मॉडल यूनिट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण और सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए क्राइम ब्रांच परिसर के पीछे बड़े खेल मैदान का भी विकास किया जा रहा है। इस मैदान में क्रिकेट पिच, फ्लडलाइट्स और एक अलग प्रैक्टिस कॉर्नर तैयार किया जाएगा, ताकि पुलिसकर्मी अपनी व्यस्त ड्यूटी के साथ-साथ फिटनेस पर भी ध्यान दे सकें।

### पुलिसकर्मियों की फिटनेस के लिए विशेष पहल

करंट क्राइम : बड़े खेल मैदान को विकसित करने का कार्य जारी है। तो एक क्रिकेट पिच तैयार की जाएगी। वहीं फ्लडलाइट्स लगाने की योजना और प्रैक्टिस के लिए अलग कॉर्नर रहेगा। पुलिसकर्मियों के लिए फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा भी दिया जाएगा। कुल मिलाकर गाजियाबाद क्राइम ब्रांच परिसर अब एक नई सोच और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ विकसित हो रहा है, जहां एक ओर धार्मिक आस्था का केंद्र स्थापित किया गया है, वहीं दूसरी ओर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कार्यस्थल तैयार किया गया है। 2 अप्रैल को होने वाला कार्यक्रम इस परिवर्तन को औपचारिक रूप से नई पहचान देगा और गाजियाबाद पुलिस की बदलती कार्यशैली को प्रदर्शित करेगा।

# भारत की पहली डिजिटल जनगणना का खाका तैयार

**जनगणना**

**लिव-इन जोड़ों को मिलेगी 'शादीशुदा' की मान्यता**

**व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए 33 महत्वपूर्ण सवाल जारी किए हैं, जिससे लोगों को प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके। इसके साथ ही एक ऋअद (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां नागरिक खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इस बार जनगणना में एक अहम बदलाव देखने को मिला है।

**व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय, आरटीआई से भी नहीं मिलेगा जवाब :** महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए कहा कि जनगणना अधिनियम में एक महत्वपूर्ण प्रावधान, धारा पंद्रह, शामिल है। यह प्रावधान बताता है कि व्यक्तिगत जानकारी को पूरी तरह गोपनीय माना जाता है। इसे आरटीआई अधिनियम के तहत साझा नहीं किया जा सकता है। इसे अदालत में सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसे किसी अन्य संगठन के साथ साझा भी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भूमिका इस पूरे कार्य में केंद्रीय है। उनकी पूरी प्रशासनिक प्रणाली जमीनी स्तर पर क्षेत्र कार्य करने में लगी हुई है।

**लिव-इन कपल्स को शादीशुदा माना जाएगा :** सरकार की तरफ से जारी हुए FAQ के अनुसार, अगर कोई लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा जोड़ा अपने संबंध को स्थिर मानता है, तो उसे शादीशुदा जोड़े के रूप में दर्ज किया जाएगा।

## रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति से रूस में अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर 2.92 लाख रुपये की ठगी हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बदलापुर (पूर्व) के रहने वाले 38 साल के एक व्यक्ति ने इसकी शिकायत की है। आरोपियों ने उसे भरोसा दिलाया था कि वे एक ट्रैवल फर्म के जरिए रूस के एक मॉल में उसे नौकरी दिलवा देंगे। उन्होंने नवंबर 2025 से इस साल जनवरी के बीच उससे 2.92 लाख रुपये लिए। आरोपियों ने वादा किया था कि वे उसे एम्प्लॉयमेंट वीजा, पासपोर्ट और टिकट का इंतजाम करके देंगे। मामले को लेकर भिवंडी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने उसे एम्प्लॉयमेंट वीजा के बजाय अस्थायी वीजा पर विदेश भेज दिया। पीड़ित का आरोप है कि रूस पहुंचने के बाद उससे बहुत कठिन काम कराया गया और वादा की गई नौकरी नहीं दी गई। आरोपियों ने उसके पैसे भी वापस नहीं किए।

# अशोक खरात की बढ़ी रिमांड: 'कड़वा पानी' पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

## रूपाली चाकणकर से पूछताछ की चर्चा, मोबाइल डेटा से खुलेंगे राज

**डर्टी बाबा**

**'खारा और कड़वा पानी' पिलाकर करता था महिलाओं के साथ दुष्कर्म**






**नई दिल्ली।** महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने रविवार को नासिक के ज्योतिषी अशोक खरात की पुलिस हिरासत 1 अप्रैल तक बढ़ा दी है। जांच अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि जांच अभी चल रही है और जब्त किए गए फोन की क्लोन कॉपी का विश्लेषण करने के लिए डिजिटल विशेषज्ञों की जरूरत है और यह विश्लेषण खरात की मौजूदगी में ही किया जाना जरूरी है। इस मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (रक्ळ) ने राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से फोन की क्लोन कॉपी हासिल कर ली है। खरात के खिलाफ अब तक 10 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से 8 रेप से जुड़ी हैं।

सहायक सरकारी वकील शैलेंद्र बागाडे ने कोर्ट को बताया कि एसआईटी जिन कई अहम पहलुओं की जांच कर रही है उनके बारे में जानकारी देने में खरात ने अब तक बहुत कम सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि इस बात की संभावना है कि खरात ने अपने अहम संपर्कों के मोबाइल नंबर किसी दूसरे नाम (उपनाम) से सेव किए हों, इसलिए उनकी मौजूदगी में मोबाइल डेटा की जांच करना जरूरी है। बागाडे ने बताया कि जांचकर्ता खरात की उन सभी चल और अचल संपत्तियों का पता लगा रहे हैं, जिनके बारे में उन्हें शक है कि खरात ने उन्हें अपने नाम पर या किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर हासिल किया है।

**अशोक खरात का 'सियासी कवच' थीं रूपाली चाकणकर?**

### अमावस्या की रात अशोक खरात के घर लगता था मजमा, जुटती थी एक से एक हस्ती



नासिक। अमावस्या की काली रात, बंद दरवाजे और अंदर जुटती चमक-दमकञ् कहानी किसी फिल्म की नहीं, बल्कि नासिक के उस बंगले की है जहां खुद को आध्यात्मिक गुरु बताने वाला अशोक खरात अपना अलग ही साम्राज्य चला रहा था। बाहर से यह जगह शांति और आस्था का केंद्र दिखती थी। लेकिन अंदर क्या होता था, यह अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। आरोप इतने गंभीर हैं कि हर खुलासा लोगों को चौंका रहा है।

बगाडे ने बताया कि जिस मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था, उसमें उस ज्योतिषी ने पीड़िता को पीने के लिए कुछ 'खारा और कड़वा पानी' दिया था, जिसे पीने के बाद उसे 'चक्कर आने लगे' थे और फिर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया।

उन्होंने कहा कि एसआईटी इस पानी के सोर्स की जांच करेगी और यह पता लगाएगी कि खरात ने उसमें क्या मिलाया था। इस बीच एसआईटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिनमें कहा गया था कि राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रूपाली चाकणकर को खरात के चैरिटेबल ट्रस्ट से उनके संबंधों के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

# ममता बनर्जी की 'हत्या की आशंका' पर विपक्ष सांसद बोले- बिना इनपुट कोई इतनी बड़ी बात नहीं बोलता

**हत्या की आशंका**

**'अगर कोई वरिष्ठ नेता चेतावनी दे रहा है, तो उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए'**




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा खुद की हत्या होने की आशंका का विपक्ष के सांसदों ने समर्थन किया है। विपक्ष के सांसदों ने कहा कि कुछ इनपुट होगा तभी ममता बनर्जी बोल रही है, ऐसे इतनी बड़ी बात कोई नहीं बोल सकता है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कीर्ति आजाद ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि यह स्थिति बेहद खतरनाक है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि ममता बनर्जी पहले भी कई बार राजनीतिक हिंसा का सामना कर चुकी हैं, यहां तक कि वामपंथियों के खिलाफ संघर्ष के दौरान उन्हें गंभीर चोटें भी लगी थीं। कीर्ति आजाद ने सवाल उठाया कि आखिर विपक्ष उनसे क्या चाहता है और क्या इस तरह के माहौल में उनकी सुरक्षा को खतरा नहीं है। ऐसे बयान किसी गंभीर साजिश की ओर इशारा कर सकते हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव कुमार राय ने ममता बनर्जी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने तो बहुत कम कहा है। देश में ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जहां लोगों को यह तक तय करने की आजादी नहीं है कि वे क्या खाएं, क्या पहनें, क्या बोलें या क्या लिखें। इस तरह के बयान खुद ही मौजूदा हालात की सच्चाई बयां करते हैं।

# सीएम योगी ने 28 लाख छात्रों के खातों में भेजे 3,350 करोड़

**छात्रवृत्ति**

**ये स्कॉलरशिप सिर्फ एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक सभी वर्गों के छात्रों को दी गई है**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधीप्रतिष्ठान आयोजित कार्यक्रम में छात्रवृत्ति एवं पारिवारिक लाभ योजनाओं के तहत बड़ी धनराशि का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किया। इस दौरान प्रदेश के कक्षा 9-10 और दशमोत्तर के 27,99,982 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में करीब 3,350 करोड़ रपये की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि सीधे भेजी गई। ये स्कॉलरशिप सिर्फ एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक सभी वर्गों के छात्रों को दी गई है। यानी स्कूल से लेकर कॉलेज तक पढ़ने वाले लाखों छात्रों को इसका फायदा मिला है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्गों के छात्रों को लाभ मिलेगा। इसमें अनुसूचित जाति के 6.68 लाख छात्रों को करीब 467.94 करोड़, सामान्य वर्ग के 4.95 लाख छात्रों को 779.10 करोड़।

# संसद में बोलीं वित्त मंत्री- कानून के दुरुपयोग पर जुर्माना लगेगा

**सख्ती**

**दिवालियेपन के आवेदन पर 14 दिन में फैसला**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (क्डइ) में बड़े बदलावों का प्रस्ताव रखते हुए स्पष्ट किया है कि प्रक्रिया में देरी की मुख्य वजह अत्यधिक मुकदमेबाजी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि प्रस्तावित संशोधनों के जरिए इस दुरुपयोग पर लगाम लगाने के लिए दंडात्मक प्रावधान लाए जा रहे हैं।

**इन्सॉल्वेंसी आवेदन को 14 दिनों के भीतर करना होगा स्वीकार :** वित्त मंत्री ने बताया कि नए बिल के तहत, किसी कंपनी में डिफॉल्ट स्थापित होने के बाद इन्सॉल्वेंसी आवेदन को 14 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से स्वीकार करना होगा। इससे मामलों के निपटान में तेजी आएगी और लंबित मामलों का बोझ कम होगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आईबीसी प्रक्रिया में श्रमिकों के हित सुरक्षित हैं और उनके बकाया भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है। सरकार का कहना है कि संशोधन इस सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करेंगे।

सदन में पेश प्रस्ताव के अनुसार, आईबीसी में कुल 12 संशोधन किए जा रहे हैं। इनमें ग्रुप इन्सॉल्वेंसी और क्रॉस-बॉर्डर इन्सॉल्वेंसी के लिए सक्षम प्रावधान शामिल हैं, जिससे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मामलों के समाधान में भी स्पष्टता आएगी।

## ठाणे में सरकारी घर दिलाने के नाम पर 11 लोगों से ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कथित तौर पर जालसाजों ने 11 लोगों को सरकारी योजना के तहत सस्ते घर दिलाने का झांसा देकर ठगा है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपियों ने इन लोगों के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर बैंक खाते भी खुलवाए। इन खातों का उपयोग बड़े वित्तीय लेनदेन के लिए किया गया। मामले में उल्हासनगर की एक 54 साल की महिला ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (टल्अऊअ) योजना के तहत कम कीमत पर घर दिलाने का वादा कर उनका भरोसा जीता। पिछले दो वर्षों के दौरान आरोपियों ने म्हाडा फ्लैट के नाम पर लोगों से पैसे इकट्ठा किए।

हिल लाइन पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़ितों की निजी जानकारी का इस्तेमाल सिम कार्ड खरीदने, ईमेल आईडी बनाने और बैंक खाते खोलने के लिए किया।

# 'ममता लोगों को धमका रही हैं': किरेन रिजिजू का टीएमसी पर चुनाव हाईजैक करने का आरोप

**आरोप**

**भाजपा की मांग- बंगाल का प्रशासन अपने हाथ में ले चुनाव आयोग**




**कलकत्ता।** भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा। भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ शिकायत की है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सुकांत मजूमदार और पीयूष गोयल ने अन्य नेताओं के साथ दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात की और याचिका सौंपी।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'हमारी एक-एक बात चुनाव आयोग ने सुनीं। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री खुद घर तक जाकर धमकी दे रही हैं। उनकी पूरी टीम ने किस तरह पूरे चुनाव को हाईजैक किया है, हमने ये चिंता व्यक्त की है।' उन्होंने बताया, 'भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से अपील की है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होना चाहिए। पिछले तीन चुनावों में तृणमूल कांग्रेस ने दादागिरी करके जीत हासिल की। इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि चुनाव लोगों को अपनी मर्जी से मतदान करने का एक अवसर होता है। लोकतंत्र में वोट एक मतदाता का अधिकार होता है, उसे कोई नहीं छीन सकता है। चुनाव आयोग को मतदाता के वोट को सुरक्षित करना चाहिए।'

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाए कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस मशीनरी पर तृणमूल कांग्रेस ने पूरा कब्जा करके रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बंगाल के प्रशासन और पुलिस तंत्र को अपने नियंत्रण में पूरी तरह से लेना चाहिए।

किरेन रिजिजू ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में जनता तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ है। लोग आवाज उठा रहे हैं।

## सीएम ममता बनर्जी का तीखा प्रहार, कहा-

# चुनाव खत्म होते ही गैस-कैश देना बंद कर देगी भाजपा

**तीखे तेवर**

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेलदा में एक बड़ी चुनावी रैली की**



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेलदा में एक बड़ी चुनावी रैली की। इस रैली में उन्होंने भाजपा की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। ममता बनर्जी ने जनता को चेतावनी देते हुए कहा, भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और कैश देना बंद कर देगी। उन्होंने इसे भाजपा की एक सोची-समझी चाल और चुनावी खेल करार दिया।

ममता बनर्जी ने भाजपा पर समाज को बांटने का गंभीर आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच नफरत और झगड़े पैदा कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, भाजपा इस तनावपूर्ण स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा के बहकावे में न आएं। ममता बनर्जी ने साफ किया कि भाजपा केवल सत्ता के लिए लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है और चुनाव के बाद वह अपने वादों से मुकर जाएगी।

## अफवाह फैलाने वाले युवक को पुलिस ने माफी के बाद छोड़ा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने अर्हम अजहरुद्दीन अंसारी नाम के 19 साल के युवक को सोशल मीडिया पर लॉकडाउन फैलाने वाली अफवाह फैलाने के आरोप में हिरासत में लिया। अंसारी ने वीडियो में कहा था कि 2020 के उडश्क्ऊ-19 लॉकडाउन जैसी स्थिति शुक्रवार आधी रात से लागू होगी और लोगों से सुबह उठकर जरूरी सामान खरीदने को कहा। पुलिस ने कहा कि वीडियो से लोग पहले ही पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों के बाहर कतारों में थे, इसलिए यह अफवाह अनावश्यक डर पैदा कर रही थी। अंसारी को पकड़कर मंब्रा थाने में लाया गया, जहां उसने अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगी। पुलिस ने कहा कि उसे सख्त चेतावनी के साथ छोड़ दिया गया। सरकार बार-बार लोगों से कह रही है कि सोशल मीडिया पर असत्य और अनपुष्ट जानकारी साझा न करें, क्योंकि इससे सार्वजनिक शांति भंग हो सकती है और ईंधन की खरीदारी में हड़बड़ी हो सकती है।

# युद्ध का असर: अब घर बनाना हुआ महंगा, मैटीरियल की कीमतें बढ़ीं

**युद्ध के साइड इफेक्ट**

**सरिया, ईंट, टाइल्स, पेंट आदि की कीमतों में 20 फीसदी तक उछाल आया**



**बरेली।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर निर्माण कार्यों पर भी पड़ने लगा है। सरिया, ईंट, टाइल्स, पेंट आदि की कीमतों में 20 फीसदी तक उछाल आया है। युद्ध न थमा तो आगामी दिनों में कीमतों में और उछाल की आशंका है।

बरेली के कारोबारियों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित होने और परिवहन लागत बढ़ने से कीमतों में उछाल आ रहा है। सीमेंट, रेत, बजरी के दाम फिलहाल स्थिर हैं, लेकिन ईंट, टाइल्स, सरिया और पेंट की कीमतों में खासी तेजी है। मजदूरी के साथ सामग्री के बढ़ते खर्च के कारण छोटे ठेकेदारों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। बिल्डरों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर स्थिति सामान्य होने तक निर्माण सामग्री के दामों में राहत की संभावना कम है।

आगामी दिनों में प्रॉपर्टी भी महंगी हो सकती है। रियल एस्टेट कारोबारी विपिन अग्रवाल के मुताबिक, पहले रोजाना दो से तीन लोग मकान खरीदने के लिए संपर्क करते थे, लेकिन बीते 15-20 दिनों में आठ से दस लोगों ने ही संपर्क किया। इसमें भी दो से तीन ही विजिट के लिए साइट तक आए। फिलहाल, लोग अपनी गाढ़ी कमाई को होल्ड कर रहे हैं।

## इलाज पर भी भारी पड़ रहा है युद्ध का असर

**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व में बढ़ते ईरान-इस्राइल तनाव का असर मेडिकल लाइन पर भी पड़ने लगा है। इसके कारण प्लास्टिक, पीवीसी और रेजिन की लागत बढ़ने से स्वास्थ्य जगत में ब्लड बैग, आईवी ट्यूबिंग, डिस्पोजेबल चिकित्सा उपकरण और अस्पताल के बुनियादी ढांचे समेत कई वस्तुओं के दाम भी बढ़ गए हैं। तनाव अगर लंबा खींचता है, तो महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है। इससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ेंगी।

दवाओं में इस्तेमाल होने वाले एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) के दाम बढ़ने से करीब 100 से ज्यादा दवाएं और प्लास्टिक और मेडिकल के डिस्पोजेबल उत्पाद महंगे होने जा रहे हैं।

दवा के थोक कारोबारियों के अनुसार, दवाओं का स्टॉक मार्केट में उपलब्ध होने की वजह से दाम बढ़ने का असर तत्काल नहीं दिखेगा, लेकिन कंपनियों ने बता दिया है कि अगली बिलिंग नए और बढ़े दामों पर होगी।

# पद्मजा वेणुगोपाल ने पीएम मोदी के साथ गाड़ी में किया रोड शो, कांग्रेस के खिलाफ बताया मीठा बदला

**रोड शो**

**'प्रधानमंत्री के साथ वाहन साझा करना मेरे लिए एक मीठा बदला था'**



**त्रिशूर।** भाजपा की नेता और त्रिशूर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए की उम्मीदवार पद्मजा वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक रोड शो में शामिल हुईं। वह पीएम मोदी की खुली गाड़ी में उनके साथ खड़ी हुईं। उम्होंने इसके लिए खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने इस अनुभव को अपनी पूर्व पार्टी कांग्रेस के खिलाफ ₹मीठा बदला₹ बताया। यह घटना रविवार को त्रिशूर में आयोजित रोड शो के दौरान हुई।

**2021 में कांग्रेस ने दिया था अवसर :** केरल के चार बार के मुख्यमंत्री के करुणाकरण की बेटी पद्मजा ने आरोप लगाया कि 2021 के विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान उन्हें कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के त्रिशूर दौरे पर इसी तरह का अवसर नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा, ₹बार-बार अनुरोध के बावजूद, मुझे प्रियंका गांधी के साथ खुले वाहन में जाने की अनुमति नहीं दी गई। उम्मीदवार होने के बावजूद, तत्कालीन लोकसभा सांसद को प्राथमिकता दी गई। मुझे मंच पर भी उपेक्षा का सामना करना पड़ा।₹

उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री के साथ वाहन साझा करना मेरे लिए एक मीठा बदला था। पद्मजा ने रविवार के रोड शो को याद करते हुए बताया कि पीएम मोदी ने उनके साथ गर्मजोशी और शिष्टाचार से व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने एक बड़े भाई की तरह व्यवहार किया और वाहन में आगे आने को कहा। इस रेड शो में पद्मजा और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी सहित तीन एनडीए उम्मीदवार पीएम के साथ खुले वाहन में खड़े हुए।

## बिरयानी पर बवाल : बरातियों और घरातियों में जमकर चलीं कुर्सियां

**अमरोहा।** शादी समारोह में भोजन परोसने में देरी होने पर बरातियों और घरातियों के बीच शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। जमकर कुर्सियां चलीं। एक-दूसरे पर पानी के कैंपर भी फेंके गए। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

यह मामला हसनपुर के एक बैंक्वट हॉल का है। शनिवार की शाम करीब छह बजे यहां कोतवाली क्षेत्र के गांव बरात आई थी। बरातियों और घरातियों के लोग खाना खा रहे थे। जबकि घराती पक्ष के कुछ युवक खाना परोस रहे थे। शादी समारोह पूरी तरह सामान्य चल रहा था, लेकिन इसी बीच बिरयानी खत्म हो गई। बिरयानी बनने में देरी होने लगी। इसी को लेकर कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुस्साए लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं और बैंक्वट हॉल में अफरा-तफरी मच गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 31 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# नामित पार्षदों ने ली शपथ, महापौर कार्यालय में हुआ समारोह








## बीते दिनों हुई थी दस नामित पार्षदों के नाम की घोषणा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद परिसर में सोमवार को 10 नामित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। महापौर सुनीता दयाल के कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी नामित पार्षदों ने अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली। शपथ लेने वालों में सुमन जाटव, ज्योति चौहान, संजय रावत, भागवत गुप्ता, श्याम शर्मा, प्रदीप चौधरी, अंकुश अरोड़ा, सरदार पम्मी, मधुकर त्यागी और सुनील यादव शामिल रहे। महापौर सुनीता दयाल ने सभी पार्षदों को जनहित में कार्य करने, जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की नसीहत दी। उधर यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम बेहद सीमित और सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया। खास बात यह रही कि इस मौके पर नगर निगम का कोई अन्य वरिष्ठ अधिकारी या कार्यकारिणी पदाधिकारी मौजूद नहीं दिखा। ऐसे में कार्यक्रम की औपचारिकता और पारदर्शिता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम को जानबूझकर सीमित रखा गया था, जिसके चलते न तो अन्य पार्षदों को बुलाया गया और न ही निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की व्यापक मौजूदगी रही। इस निर्णय को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में सवाल उठ रहे हैं।



### फोटो सेशन तक सीमित रहा माहौल

करंट क्राइम : शपथ ग्रहण के बाद सभी पार्षदों ने महापौर के साथ फोटो खिंचवाई। कार्यक्रम का पूरा माहौल औपचारिक कम और सीमित दायरे का अधिक नजर आया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही शासन स्तर से गाजियाबाद के 10 नामित पार्षदों की घोषणा की गई थी। इसके बाद यह पहला औपचारिक कार्यक्रम था, जिसमें उन्हें पद की शपथ दिलाई गई।



# सपा की दादरी रैली में गाजियाबाद रह गया अनजान
## प्रमुख नेताओं की जुबान पर नहीं आया यहां के नेताओं का नाम
### मंच पर सीमित चेहरे, स्थानीय नेताओं का नाम न आने से नाराजगी

**नाराजगी**
"पास वितरण और भीड़ जुटाने को लेकर भी विवाद तेज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दादरी में आयोजित समाजवादी पार्टी की बड़ी रैली के बाद गाजियाबाद इकाई में अंदरूनी असंतोष खुलकर सामने आने लगा है।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी वाली इस रैली को जहां पार्टी शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा था, वहीं अब यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर कई सवाल खड़े कर रहा है। रैली में मुख्य रूप से तीन ही प्रमुख वक्ता नजर आए, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, कार्यक्रम के आयोजक राजकुमार भाटी और मेरठ से विधायक अतुल प्रधान रहे। अब सपा सूत्रों के मुताबिक, इन तीनों नेताओं के भाषण में गाजियाबाद के किसी भी स्थानीय नेता, पदाधिकारी या संगठन से जुड़े चेहरे का नाम नहीं लिया गया।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि किसी बड़े मंच से नाम लेना सम्मान और संगठनात्मक महत्व का प्रतीक होता है। ऐसे में गाजियाबाद जैसे अहम जिले की अनदेखी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं में नाराजगी पैदा कर दी है।



#### भीड़ तो जुटी, लेकिन अंदरूनी खींचतान भी आई सामने

करंट क्राइम : रैली में भारी भीड़ देखने को मिली, जो अखिलेश यादव के नाम और भाईचारा संदेश के चलते जुटी बताई जा रही है। लेकिन दूसरी ओर पार्टी के भीतर गुटबाजी और असंतोष की खबरें भी सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, पास वितरण को लेकर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया, जिससे संगठन के अंदर असहमति बढ़ी है। बताया जा रहा है कि आने वाली मासिक बैठक में इस मुद्दे को लेकर हंगामे की स्थिति बन सकती है। रैली के बाद अब बसों की संख्या और भीड़ जुटाने की क्षमता पर भी चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, कई विधानसभा क्षेत्रों के संभावित प्रत्याशियों की ताकत का आकलन बसों और समर्थकों की संख्या के आधार पर किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि कुछ नेताओं की भीड़ जुटाने की क्षमता उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, जिससे उनकी संगठनात्मक पकड़ पर सवाल उठने लगे हैं।

#### मंच पर सीमित चेहरे, बाकी रहे पीछे

करंट क्राइम : इस रैली में जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और परवेज बसोया जैसे कुछ प्रमुख चेहरे ही मंच पर नजर आए, जबकि कई अन्य दावेदार और सक्रिय कार्यकर्ता मंच से दूर रहे। इससे भी असंतोष की स्थिति बनी हुई है। रैली के बाद सबसे बड़ा विवाद पास वितरण को लेकर सामने आया है। कई विंग और विधानसभा स्तर के नेताओं ने जिला और महानगर अध्यक्ष पर आरोप लगाए हैं कि पास अपने करीबी लोगों को ही दिए गए। नाराज नेताओं का कहना है कि अगर उन्हें पास मिलते तो वे भी अधिक भीड़ और गाड़ियों के साथ अपनी ताकत दिखा सकते थे। कुल मिलाकर दादरी रैली ने जहां एक ओर सपा की भीड़ जुटाने की क्षमता दिखाई, वहीं दूसरी ओर गाजियाबाद इकाई में संगठनात्मक असंतुलन और गुटबाजी को भी उजागर कर दिया है। आने वाले दिनों में पार्टी की बैठकों में इस मुद्दे पर तीखी बहस और टकराव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# अटकलें हुई दूर : बन गया प्लान ऑफ गोवा टूर
## उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने किया ऐलान, जो जाना चाहे वो बता दे श्रीमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में पार्षद वार्ड के विकास में भी आगे रहते हैं और वो जनता के हक की लड़ाई भी लड़ते हैं। खास बात ये है कि पार्षदों ने अपने इस सदन के कार्यकाल में ये दिखाया है कि भले ही कोई सरकारी टूर नहीं गया लेकिन पार्षदों ने अपनी भागीदारी से धार्मिक टूर किया। पार्षद लेंसडाउन गये और मंदिर में पूजा अर्चना की। यहां से जब पार्षद बस में सवार हुए तो गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पार्षदों की बस को हरी झंडी दिखाई। गाजियाबाद के पार्षद जब उत्तराखंड पहुंचे तो उस जिले के महापौर ने गाजियाबाद के पार्षदों का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पार्षदों ने पूजा अर्चना की, भ्रमण किया और लौट आये। ये टूर फन और मस्ती से इतना भरपूर था कि पार्षदों ने फिर ऐलान किया कि दोबारा टूर पर जाना है। टूर इसलिए भी शानदार रहा क्योंकि इसके आयोजक जानदार थे। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा के तत्वाधान में एक एक सुविधा का ध्यान रखा गया था। भोजन से लेकर मंदिर में पूजन और रास्ते में किसी को परेशानी ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया था। उत्साहित पार्षदों ने फिर ऐलान किया कि गोवा टूर पर जायेंगे। इसी बीच गोवा वाला टूर जिम कार्बेट की तरफ शिफ्ट होता नजर आया। लेकिन अचानक टूर वाली कहानी में ट्विस्ट तब आया जब टूर कैंसिल हो गया। अब टूर को लेकर सभी ने इसके तार विकास से जोड़ दिये। कहा जाने लगा कि इतने करोड़ का विकास होता तो टूर का भी जुगाड़ होता। अब ये तो राम जाने कि टूर के खर्चे से विकास का क्या सरोकार है। मगर पर्चे तो इसी बात के बंटने लगे। फिर सभी ने मान लिया कि प्रस्ताव निरस्त हो गया है इसीलिए टूर वाला मामला भी पस्त हो गया है। लेकिन अब एक बार फिर से टूर का प्रोग्राम बन गया है। टूर की रणभेरी बज रही है। टूर को लेकर जो अटकलें लगाईं जा रही थी वो दूर हो गई हैं। पार्षदों ने टूर के लिए अपनी हामी भर दी है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने टूर का ऐलान करते हुए कहा है कि जो पार्षद चलना चाहें वो अपनी सहमति की गति बढ़ा दें। उन्होंने पार्षद एकता ग्रुप पर ये सूचना दे दी है कि कुछ पार्षद चलने के लिए तैयार हैं और अन्य पार्षद अगर गोवा चलने के लिए तैयार हैं तो वो समय से बता दें।






#### 42 पार्षद हैं तैयार और पांच दिन का रहेगा टूर

करंट क्राइम। पार्षद एकता ग्रुप पर टूर का ऐलान हुआ। बताते हैं कि 42 पार्षद टूर पर जाने के लिए तैयार हैं। गोवा का ये टूर 5 दिन का रहेगा। यहां पर प्रवीण चौधरी ने कहा कि उनके पास कुछ पार्षदों के पर्सनल फोन आ रहे हैं लेकिन मैं उन सबसे कहना चाहता हूं कि कृपया ग्रुप पर अपनी सहमति देंगे तो अच्छा रहेगा, बुकिंग कराने में आसानी होगी। अब जानकारी ये है कि 42 लोग चलने के लिए तैयार हैं।

#### गोवा टूर विजिट करेंगे पार्षद गार्बेज ट्रीटमेंट प्लांट

करंट क्राइम। पार्षद अपने अपने खर्चे से गोवा टूर पर जा रहे हैं। अच्छी बात ये है कि ये सभी पार्षद नगर निगम के विकास की सोच मन में लेकर चल रहे हैं। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने ग्रुप पर लिखा भी कि गोवा का गार्बेज ट्रीटमेंट प्लांट आधुनिक प्लांट है। गोवा में भाजपा की सरकार है। सभी व्यवस्थायें बेहतरीन है। ये वहां पर जाकर हम सीखेंगे। इस प्लांट में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

#### क्या नामित पार्षदों में से कोई जायेगा गोवा टूर पर

करंट क्राइम। अभी तक निगम में 100 पार्षद थे और ये पार्षद एकजुट होकर लैंसडाउन टूर पर गये। अब भाजपा पार्षदों की संख्या में इजाफा हो गया है और अगर निगम के सदन की बात करें तो यहां 110 पार्षद आ गये हैं। जब पार्षद गोवा टूर पर जाने की बात कर रहे हैं तो यहां ये भी देखना रोचक होगा कि अपनी जनप्रतिनिधि वाली पारी की शुरूआत में कौन पार्षद एकता के नारे के साथ गोवा टूर पर जाने के लिए तैयार होगा।

# शपथ ग्रहण में जब नहीं किया याद, तब ऐसे निकले पूर्व और वर्तमान उपाध्यक्ष के जज्बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में सोमवार को वो दस चेहरे पहुंचे जिन्हें सरकार ने नामित पार्षद बनाया। ये व्यवस्था कार्यकर्ता के सम्मान की होती है। जिस भी दल की सरकार होती है उस दल के कार्यकर्ताओं को नगर निगम के सदन में पार्षद के रूप में जाने का मौका सरकार देती है। दस चेहरों को पार्षद बनाया जाता है और ये चेहरे भी जनप्रतिनिधि कहलाते हैं। वर्ष 2026 में नामित पार्षदों की सूची आई जिसमें भगवत प्रसाद गुप्ता, अंकुश अरोडा, सुमन जाटव, ज्योति चोहान, संजय रावत, श्याम शर्मा, प्रदीप चौधरी, परमजीत सिंह पम्मी, मधुकर त्यागी और सुनील यादव के नाम आये। इनमें पार्टी के वरिष्ठ चेहरे भी हैं और युवा चेहरों को भी मौका मिला। भगवत गुप्ता, परमजीत सिंह पम्मी, पार्टी के पुराने चेहरे हैं। प्रदीप चौधरी पुराने कार्यकर्ता हैं और संगठन में रहे हैं।

निगम की बात करें तो सुनील यादव पहले भी निगम पार्षद रहे हैं। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। लेकिन इस बार एक परिपाटी टूटी और जो शपथ ग्रहण समारोह एक आयोजन के रूप में होता था। वो शपथ ग्रहण समारोह सिर्फ एक कमरे में सिमट गया। शपथ ग्रहण समारोह में नगर आयुक्त नहीं पहुंचे, मेयर पहुंची और फिर उसके बाद ये चर्चा होने लगी कि सरकार के पास साधन भी हैं और सरकार के सबसे ज्यादा पार्षद निगम के सदन में हैं। तो फिर परम्परा को क्यों तोड़ा गया और एक नई परिपाटी किसलिए बनाई गई है। सरकार ने पार्षद बनाया है और बेहतर होता कि एक आयोजन होता। इन सभी चेहरों का निगम के अधिकारियों से लेकर जनता के चेहरों तक परिचय होता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और पहली बार निगम के सदन में ऐसा हुआ कि जिन नामित पार्षदों के मनोनीत होने पर उनके घर पर ढोल बजा। वो इसलिए खुशी से उत्साहित हैं कि पार्टी ने उन्हें सम्मान दिया। लेकिन निगम की परम्परा टूटी और जो शपथ ग्रहण समारोह एक ईवेंट हो सकता था। उसमें ऐसा डेंट लगा है कि नामित पार्षदों की शपथ भी हो गई और किसी को पता भी नहीं चला। इस परम्परा के टूटने को लेकर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष से लेकर पूर्व उपाध्यक्ष ने अपने विचार रखे। एक ऐसे नामित पार्षद ने अपने विचार रखे जो दो बार नामित पार्षद रहे हैं। उन्होंने भी यादों को साझा किया। यहां पर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी खुलकर बात रखी।

#### बेहतर होता सब एक साथ दिखते और नई परिपाटी ठीक नहीं : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी भी इस शपथ ग्रहण समारोह में नहीं थे। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं बुलाया गया और ना किसी को सूचना दी। उन्होंने कहा कि यह गलत परम्परा है। इससे नुकसान होता है। बेहतर होता कि सब एक साथ होते। इसमें निगम अधिकारी कर्मचारी नामित पार्षदों को देख लेते हैं और एक सामुहिक परिचय हो जाता है। ये परिपाटी ठीक नहीं है। इन पार्षदों का भी एक सम्मान है इन्हें मुख्यमंत्री ने नामित किया है। नगर निगम में ऐसी परम्परा कभी नहीं रही। यहां सबको बुलाया जाता है और फिर शपथ होती है। लोकतंत्र में सरकार का मजबूत संदेश दिया जा सकता था लेकिन कोई अपरिहार्य कारण रहे होंगे तभी ऐसा हुआ। फिर भी इतना कहूंगा कि बेहतर तो यही रहता कि आयोजन होता। सभी मौजूद होते और तब शपथ ग्रहण होता।

#### मुझे याद है नहीं हुई कभी महापौर के कमरे में शपथ : प्रदीप चौहान



करंट क्राइम। प्रदीप चौहान भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। वो खुद दो बार नामित पार्षद रहे हैं। उनकी पत्नी स्वर्गीय उर्मिला चौहान वार्ड 19 से पार्षद बनी थी। प्रदीप चौहान नगर निगम की परम्पराओं को साक्षात देख चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरी याद में कभी ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि वो वर्ष 2002 में पहली बार निगम पार्षद नामित हुए थे तो उन्हें तत्कालीन महापौर स्वर्गीय डीसी गर्ग ने और तत्कालीन मुख्य नगर अधिकारी ने शपथ ग्रहण कराई थी। इसके बाद जब वो वर्ष 2020 में नामित पार्षद बने तो उस समय भी महापौर और नगर आयुक्त ने शपथ ग्रहण कराई थी। उन्होंने बताया कि नामित पार्षद को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा नामित किया जाता है। नामित पार्षद का प्रोटोकॉल होता है। मुझे जहां तक याद है कि शपथ ग्रहण समारोह में निगम के कर्मचारी आते हैं। जो नामित पार्षद हुए हैं उनके सीमित मात्रा में परिजन आते हैं। मौजूदा सदन के मौजूदा पार्षद आते हैं। निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहते हैं। मुझे नहीं पता कि यह कोई नई परिपाटी है या परम्परा है लेकिन गर्वनर द्वारा नामित और मुख्यमंत्री द्वारा संस्तुति किये गये नामित पार्षदों को महापौर के कमरें में शपथ क्यों दिलाई गई है। निगम के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है।

#### भव्य होना चाहिए था शपथ ग्रहण कार्यक्रम, इसे सीमित दायरे में करना उचित नहीं : राजीव शर्मा

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम में नामित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने इस पूरे आयोजन के तरीके पर नाराजगी जताते हुए इसे परंपरा के विपरीत बताया है। राजीव शर्मा ने कहा कि जिस तरह से इस बार शपथ ग्रहण समारोह एक बंद कमरे में संपन्न कराया गया, वह बिल्कुल भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया एक सम्मान होता है, जिसे भव्यता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह पहले भी कई शपथ ग्रहण समारोहों में शामिल रह चुके हैं, जिनमें दमयंती गोयल, आशा शर्मा, आशु वर्मा और तेलूराम कंबोज के कार्यकाल शामिल हैं। उन कार्यक्रमों में बड़े स्तर पर आयोजन होता था, टेंट लगाया जाता था, सभी 100 पार्षदों को आमंत्रित किया जाता था, नगर निगम के अधिकारी, पार्टी अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहते थे। राजीव शर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण एक पारिवारिक कार्यक्रम की तरह होता है, जिसमें नामित पार्षद अपने परिवार के साथ शामिल होते हैं। इससे न केवल जनप्रतिनिधियों का सम्मान बढ़ता है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराएं भी मजबूत होती हैं। उन्होंने वर्तमान व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह की नई परंपरा से जनप्रतिनिधियों की गरिमा कम होती है और यह बैकफुट पर आने जैसा कदम है। उन्होंने कहा है कि शपथ ग्रहण को बंद कमरे में कराने पर आपत्ति है, साथ ही भव्य आयोजन की पुरानी परंपरा का हवाला भी दिया गया है। सभी पार्षदों, अधिकारियों और पदाधिकारियों को बुलाने की मांग करते हुए। कार्यक्रम को सम्मानजनक और सार्वजनिक रूप से आयोजित करने पर जोर अंत में उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजनों को खुले और भव्य रूप में आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ कोई समझौता न हो।



# शपथ लेने के बाद क्यों भूल गये नामित पार्षद महानगर कार्यालय का रास्ता
## संगठन सर्वोपरि है तो संगठन से भी रखना चाहिए वास्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में संगठन को सर्वोपरि माना जाता है और कार्यकर्ता को देवतुल्य माना जाता है। ये संगठन की शक्ति है कि जब चाहे निर्वाचित वाले टिकट का मामला हो या फिर नामित वाली कृपा बरसनी हो तो संस्तुति के नाम संगठन से ही जाते हैं। संगठन का प्रोटोकॉल होता है और जनप्रतिनिधि भले ही कैबिनेट में मंत्री हों या निगम में पार्षद हो। वो संगठन की दृष्टि से कार्यकर्ता होता है और कार्यकर्ता के लिए संगठन सर्वोपरि होता है। जब भी किसी को कोई पद मिलता है, कोई दायित्व मिलता है या सरकारी कृपा होती है तो उसके कदमों का मूवमेंट महानगर कार्यालय की ओर होता हे। कार्यकर्ता के लिए पार्टी का कार्यालय एक तरह से सियासत वाले देवताओं का मंदिर होता है। लेकिन सोमवार का दिन भगवा परम्पराओं के टूटने का दिन रहा। निगम में बहुत ही साईलेट तरीके से निगम पार्षदों की शपथ हो गई और किसी को पता भी नहीं चला। निगम के पदेन सदस्यों को नहीं बुलाया गया और जो निर्वाचित पार्षद हैं उन्हें भी कोई निमंत्रण नहीं था। चलो ये तो बात नगर निगम की थी और निगम की अपनी कार्य प्रणाली है। लेकिन परम्परा तो संगठन वाली भी टूटी है। निगम पार्षदों ने मेयर के कक्ष में नामित वाली शपथ ली और फिर वो अपने अपने स्थान की ओर रवाना हो गये। ऐसा लगा कि शायद वो शपथ ग्रहण करने के बाद महानगर कार्यालय जायेंगे और संगठन का आभार व्यक्त करेंगे।

संगठन सर्वोपरि होता है और यह सर्वविदित है कि संगठन की संस्तुति नहीं होती है तो फिर कृपा कहीं अटक जाती है। लेकिन सोमवार को तो गजब हो गया और नामित पार्षद संगठन को ही भूल गये। परम्परा ये है कि पार्टी के सांसद पार्टी के विधायक भी चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित होने के बाद संगठन कार्यालय पर जरूर आते हैं। यहां औपचारिक रूप से आभार व्यक्त किया जाता है। लेकिन निगम के नामित पार्षद महानगर कार्यालय गये ही नहीं। चर्चा यही होती रही कि या तो नामित पार्षदों को इस संगठन शिष्टाचार का ज्ञान नहीं था या फिर उन्हें ध्यान नहीं था। क्योंकि दस वाली लिस्ट में भाजपा के अति वरिष्ठ कार्यकर्ता भी हैं। इस लिस्ट में एक नाम ऐसा है जो महानगर संगठन में दायित्व पर रहा है। तो ऐसे में पार्षदों का महानगर कार्यालय ना जाना भी चर्चा का विषय बना।

## संपादकीय

# अमेरिका-ईरान शांति वार्ता शुरू

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए पाकिस्तान में बातचीत शुरू हुई है, जिसमें कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्री शामिल हैं। हालांकि ईरान सीधे संवाद से इनकार कर रहा है और क्षेत्रीय तनाव बढ़ता जा रहा है। जंग के कारण दुनिया पर आर्थिक दबाव बढ़ने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए रविवार को पाकिस्तान में बातचीत शुरू हो गई। सऊदी अरब, तुर्किये और इजिप्ट के विदेश मंत्री भी इस्लामाबाद पहुंचे हैं। एक दिन पहले यानी शनिवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भरोसा जताया था कि युद्ध कुछ हफ्तों में खत्म हो जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ती अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से जुड़ी चिंताओं को भी उन्होंने यह कहकर खारिज कर दिया था कि युद्ध में थल सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी। सीधी बात नहीं : यह पूरा सीन उम्मीदें जगाने वाला भी लगता है, लेकिन इसके साथ कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत से इनकार कर दिया है, यानी अब दोनों के बीच संवाद के लिए कोई तीसरा पक्ष सामने आएगा। अमेरिका ने समझौते के लिए जो शर्तें रखी हैं, ईरान उससे इनकार करता आ रहा है। सऊदी अरब का रुख भी अहम रहेगा, क्योंकि खबरें हैं कि वह ईरान पर अमेरिकी हमले के समर्थन में भी था। इस्राइल की मुश्किल फिर शनिवार को ईरान समर्थित हूती विद्रोही भी जंग में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। इस्राइल भले ही कह रहा है कि वह कई मोर्चों पर लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन हालात पहले से अलग और चुनौतीपूर्ण हैं। लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ टकराव जारी है, जबकि गाजा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य संसाधन लगे हुए हैं। ऐसे में इस्राइल पर दबाव और बढ़ता दिख रहा है।

अमेरिका में गुस्सा इस लड़ाई का दुनिया पर बुरा असर पड़ रहा है। यूं तो डॉनल्ड ट्रंप दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से अमेरिका पर फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन वहां गैस के दाम 35% तक बढ़ चुके हैं, जबकि यूरोप में 80% तक। यह मामूली बात नहीं कि ट्रंप को सत्ता संभाले सवा साल भी नहीं हुए और उन्हें तीसरी 'नो किंग्स रैली' का सामना करना पड़ा। इस बार ट्रंप विरोधी विरोध-प्रदर्शन पूरे अमेरिका के अलावा यूरोप के कई देशों में भी हुए।

थोपा गया युद्ध अमेरिका और इस्राइल ने शांति वार्ता पर भरोसा करने के बजाय सब जानते-समझते हुए भी लड़ाई का रास्ता चुना। उनके इस फैसले की कीमत अब दुनिया चुका रही है। तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से गरीब मुल्क सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। फर्टिलाइजर की कमी से वैश्विक खाद्य संकट पैदा होने का डर है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में ग्रोथ की रफ्तार धीमी पड़ने का डर है। इसलिए अच्छा यही होगा कि यह युद्ध जल्द रुके और इसका रास्ता बातचीत की टेबल से निकलता है।

# आईबीसी में बड़े बदलाव, देरी रोकने को सख्त प्रावधान

## मुकदमेबाजी पर लगाम के लिए जुर्माने का प्रस्ताव, दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता में बड़े बदलावों का प्रस्ताव रखते हुए स्पष्ट किया है कि प्रक्रिया में देरी की मुख्य वजह अत्यधिक मुकदमेबाजी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि प्रस्तावित संशोधनों के जरिए इस दुरुपयोग पर लगाम लगाने के लिए दंडात्मक प्रावधान लाए जा रहे हैं।

इन्सॉल्वेंसी आवेदन को 14 दिनों के भीतर करना होगा स्वीकार वित्त मंत्री ने बताया कि नए बिल के तहत, किसी कंपनी में डिफॉल्ट स्थापित होने के बाद इन्सॉल्वेंसी आवेदन को 14 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से स्वीकार करना होगा। इससे मामलों के निपटान में तेजी आएगी और लंबित मामलों का बोझ कम होगा।

### आईबीसी प्रक्रिया श्रमिकों के हित में

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आईबीसी प्रक्रिया में श्रमिकों के हित सुरक्षित हैं और उनके बकाया भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है। सरकार का कहना है कि संशोधन इस सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करेंगे।

**आईबीसी में 12 संशोधन करने का प्रस्ताव**

सदन में पेश प्रस्ताव के अनुसार, आईबीसी में कुल 12 संशोधन किए जा रहे हैं। इनमें ग्रुप इन्सॉल्वेंसी और क्रॉस-बॉर्डर इन्सॉल्वेंसी के लिए सक्षम प्रावधान शामिल हैं, जिससे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मामलों के समाधान में भी स्पष्टता आएगी।

### बैंकिंग क्षेत्र के स्वास्थ्य में सुधार लाने में एक प्रमुख कारक

सीतारामन ने कहा कि आईबीसी देश के बैंकिंग क्षेत्र के स्वास्थ्य में सुधार लाने में एक मुख्य और बहुत ही महत्वपूर्ण कारक रहा है, और उन्होंने आगे कहा कि बैंकों ने समाधान प्रक्रिया के माध्यम से आधे से अधिक एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों) की वसूली कर ली है।

12 अगस्त, 2025 को सरकार ने लोकसभा में दिवालियापन और दिवालिया संहिता (आईबीसी) में संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया, जिसमें दिवालियापन समाधान आवेदनों की स्वीकृति में लगने वाले समय को कम करने के प्रावधानों सहित कई बदलावों का प्रस्ताव किया गया। इस विधेयक को लोकसभा की एक चयन समिति को भेजा गया था, जिसने दिसंबर 2025 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। आईबीसी में अब तक सात बार संशोधन किया जा चुका है।

### क्या है आईबीसी का उद्देश्य?

वित्त मंत्री ने आईबीसी को बैंकिंग सेक्टर की सेहत सुधारने का प्रमुख कारण बताते हुए कहा कि इससे कंपनियों की क्रेडिट रेटिंग बेहतर हुई है। हालांकि, उन्होंने यह भी दोहराया कि आईबीसी का उद्देश्य कर्ज वसूली का साधन बनना नहीं था, बल्कि समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

# रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर डॉलर के मुकाबले 95 पार

## वैश्विक संकट और महंगे तेल का असर

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 95 के पार पहुंचकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया, जिससे बाजार में चिंता बढ़ी है। आरबीआई के कदमों के बावजूद गिरावट जारी रही।

भारतीय रुपया पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95 के स्तर को पार कर गया है, जिससे मुद्रा बाजार में चिंता बढ़ गई है। सोमवार के कारोबारी सत्र में रुपया गिरकर 95 प्रति डॉलर के पार पहुंच गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर माना जा रहा है। यह दिनभर में करीब 0.3% की गिरावट को दशार्ता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों की विदेशी मुद्रा पोजिशन पर सख्ती किए जाने के बावजूद रुपये को केवल मामूली सहारा ही मिल पाया। विश्लेषकों का कहना है कि मौजूदा आर्थिक हालात अब भी रुपये के खिलाफ बने हुए हैं। इस बीच, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को लेकर बढ़ती चिंता ने शेयर बाजार पर भी



दबाव डाला है। प्रमुख सूचकांक निफ्टी में करीब 2% की गिरावट दर्ज की गई और यह मार्च 2020 के बाद अपनी सबसे खराब मासिक गिरावट की ओर बढ़ता दिख रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, महंगे तेल और विदेशी निवेश की निकासी रुपये और भारतीय बाजार दोनों के लिए चुनौती बने हुए हैं।

# ईंधन पर सरकार का भरोसा, देश में पर्याप्त स्टॉक

## पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और गैस की निर्बाध आपूर्ति, पैनिक बाइंग से बचने की अपील



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा तनाव के बीच भारत सरकार ने देशवासियों और उद्योग जगत को ईंधन की निर्बाध आपूर्ति का भरोसा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वैश्विक हालात के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। कुछ स्थानों पर ग्राहकों द्वारा घबराहट में की जा रही खरीदारी (पैनिक बाइंग) की खबरों के बीच, सरकार ने देश के ऊर्जा बाजार को स्थिर रखने के लिए कई स्तरों पर त्वरित उपाय किए हैं।

### एलपीजी आपूर्ति की स्थिति

एलपीजी वितरकों के पास आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है और इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। कल लगभग पचानवे फीसदी बुकिंग ऑनलाइन की गई थीं। लगभग बयासी फीसदी डिलीवरी को प्रमाणीकरण कोड से प्रमाणित किया गया। पिछले दो दिनों में 1.04 करोड़ बुकिंग के मुकाबले 92 लाख सिलिंडर वितरित हुए।

### वाणिज्यिक एलपीजी में वृद्धि

वाणिज्यिक एलपीजी की उपलब्धता में सरकार ने करीब सत्तर फीसदी की वृद्धि की है। ढाबों, रेस्तरां और औद्योगिक कैंटीनों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रवासी श्रमिकों को भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी को पर्याप्त एलपीजी मिले।

कीमतों को नियंत्रित करने और आपूर्ति बनाए रखने के रणनीतिक उपाय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी दी। उन्होंने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात के बावजूद आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। सरकार ने इस संबंध में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शर्मा ने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। रिफाइनरियां सामान्य रूप से कार्य कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है। कुछ स्थानों पर घबराहट में खरीदारी देखी गई है, लेकिन नागरिकों को आश्वस्त किया गया है। घरेलू बाजार में उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सरकार ने उत्पाद शुल्क में कमी की है। पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क दस रुपये घटाया गया है। सरकार ने डीजल की उपलब्धता बनाए रखने के लिए निर्यात शुल्क भी लगाया है।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट, निवेशकों को बड़ा झटका

## सेंसेक्स 1635 अंक टूटा, निफ्टी 22,331 पर बंद, 9 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण निवेशकों का मनोबल कमजोर बना रहा। इसके चलते सोमवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी 2025-26 वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी सत्र में भारी गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में कमजोर रुझान और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू शेयरों में मंदी के रुझान को और बढ़ा दिया। निवेशकों के पोर्टफोलियो में नौ लाख करोड़ रुपये की कमी आई।

लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,635.67 अंक या 2.22 प्रतिशत गिरकर 71,947.55 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 1,809.09 अंक या 2.45 प्रतिशत गिरकर 71,774.13 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 488.20 अंक या 2.14 प्रतिशत गिरकर 22,331.40 पर बंद हुआ।



**रुपया डॉलर के मुकाबले 94.78 रुपये पर स्थिर हुआ :** ईरान युद्ध के बढ़ने से वैश्विक बाजारों में हलचल मचने और रुपये की अस्थिरता तथा जोखिम से बचने की भावना को बढ़ावा मिलने के बाद, सोमवार को अंतर-दिवसीय कारोबार में रुपया 95/यूएसडी के स्तर को पार कर गया और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 94.78 (अस्थायी) पर स्थिर हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल :** सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सबसे बड़े पिछड़ने वालों में शामिल थे। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड को लाभ हुआ। 2025-26 वित्तीय वर्ष में, बीएसई बेंचमार्क 5,467.37 अंक या 7 प्रतिशत गिर गया, और निफ्टी 1,187.95 अंक या 5 प्रतिशत गिर गया।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी मामूली तेजी :** एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक लगभग 3 प्रतिशत गिर गया। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी नीचे बंद हुआ, जबकि शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में समाप्त हुआ। यूरोप के बाजारों में मामूली तेजी देखी गई। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स में 2.15 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.73 प्रतिशत और एसएंडपी 500 में 1.67 प्रतिशत की गिरावट आई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा।

## योजना के चौथे चरण में 29 प्रस्ताव स्वीकृत 7104 करोड़ निवेश का अनुमान



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 29 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें 7,104 करोड़ का निवेश होगा। इससे 14,246 नौकरियां पैदा होंगी और 84,515 करोड़ के उत्पादन की उम्मीद है। केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए चौथे चरण के तहत 29 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने सोमवार को बताया कि इन प्रस्तावों के तहत कुल 7,104 करोड़ रुपये का निवेश होगा। परियोजनाओं की संख्या बढ़कर 75 हो गई इस ताजा मंजूरी के साथ, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय (टी३ ) द्वारा स्वीकृत कुल परियोजनाओं की

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मंदिर में संता- हे बाबा मेरी सरकारी नौकरी लगवा दो...?
बाबा- क्यों खाली हाथ आये।
नारियल केला और सेब नहीं लाए...?
संता- बाबा जी आप कर्म करो, फल की चिंता मत करो...!

---

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं।
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

---

भिखारी- साहब 10 रुपये दे दो कुछ खा लूंगा।
साहब : शर्म नहीं आती तुम्हें, सड़क पर खड़े होकर भीख मांगते हो।
भिखारी- तो क्या दफ्तर खोल लूं?

---

समय एक सा नहीं रहता यारों,
सबका बदलता है।
जो कपड़े अंग्रेजों के गवर्नर
पहनकर लोगों को डराते थे,
आज हमारे बैंड वाले पहनते हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आईपीएल 2026 के लिए वैभव सूर्यवंशी ने भरी हुंकार, ट्रॉफी जीतने का ठोका दावा



### आईपीएल ट्रॉफी जीतना चाहते हैं सूर्यवंशी

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने आगे कहा, मुझे जबसे टीम में चुना गया, तो मेरा एकमात्र लक्ष्य ये है कि टीम को अच्छी शुरूआत देना। मैं पावरप्ले में अपना नेचुरल गेम खेलना चाहता था। मुझे अगर अच्छी शुरूआत मिलती, तो मैं उस पारी को आगे बढ़ाना चाहता और एक बड़ी पारी खेलता था। मुझे पता है कि अगर मैं अपने शॉट्स खेलूंगा, तो मैच रुख का बदल जाएगा। किसी भी टीम के लिए 200 रनों का पीछा करना आसान नहीं होता है। इस सजीन मेरा लक्ष्य राजस्थान के लिए ट्रॉफी जीतना है। अगर हम आईपीएल जीतते हैं, तो टीम का प्रदर्शन अपने आप ही सुर्खियों में आ जाता है।

**नई दिल्ली।** भारत के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 14 साल की उम्र में क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी। उन्होंने आईपीएल 2025 के एक मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाया, जो लीग में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज है। अब उन्होंने अपनी आईपीएल जर्नी के बारे में बात की है। वैभव का कहना है कि जब उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था, उसी समय से राजस्थान रॉयल्स उनके ऊपर नजर रख रही थी।

सूर्यवंशी को राजस्थान ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन में 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। इसको लेकर उनका मानना है कि आरआर की टीम पहले से ही उनके ऊपर नजर रख रही थी और स्काउटिंग टीम मैच देखती थी। उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने गोल को लेकर बात की और टीम को चैंपियन बनाना उनका लक्ष्य है। बता दें कि राजस्थान अपने अभियान का आगाज सोमवार यानी आज चेन्नई के खिलाफ करने वाली है। सूर्यवंशी ने कहा, मैंने ब्रायन लारा और युवराज सिंह को मैच खत्म करते हुए देखा है। अगर वे दोनों क्रीज पर होते थे, तो विरोधी टीम के पास मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं होता था। मुझे उनकी यही चीज पसंद आती थी। मैंने बिहार के लिए घरेलू क्रिकेट में खूब रन बनाए। उसके बाद मुझे बीसीसीआई के अंडर-19 टूनामेंट विनू मांकड ट्रॉफी के लिए चुना गया। मैंने चैलेंजर्स ट्रॉफी खेली। इसके बाद 2023 में एक चार टीमों की सीरीज हुई थी, जिसमें भारत की दो टीमों के साथ बांग्लादेश और इंग्लैंड भी शामिल थी। उसके बाद रणजी ट्रॉफी में भी मैंने डेब्यू किया। जबसे मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा था, उसी समय से राजस्थान की स्काउटिंग टीम मुझ पर नजर रखी हुई थी। 15 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल 2026 में लक्ष्य निर्धारित किया है। उनका मानना है कि वे टीम के लिए पावरप्ले में जमकर रन बनाना चाहते हैं। वे टीम को ताबड़तोड़ शुरूआत दिलाना चाहते हैं। सूर्यवंशी का कहना है कि वे इस बार राजस्थान के लिए आईपीएल की ट्रॉफी जीतना चाहते हैं।

# आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगी पंजाब किंग्स की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के चौथे मुकाबले में मंगलवार को पंजाब किंग्स की भिड़ंत गुजरात टाइटंस से होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब और गुजरात के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिली है। आईपीएल में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच अब तक कुल छ,ह मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से पंजाब किंग्स ने तीन मैच जीते हैं जबकि तीन मुकाबलों में ही गुजरात को जीत नसीब हुई है।

### पंजाब को शीर्ष क्रम से होगी आस

आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों की भिड़ंत एक बार हुई थी, जहां पंजाब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 11 रनों से हराया था। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब ने पिछले सीजन फाइनल तक का सफर तय किया था। हालांकि, खिताबी मुकाबले में टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। पंजाब की टीम इस सीजन भी काफी मजबूत दिखाई दे रही है। शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी से एक बार फिर पंजाब को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। नंबर तीन पर कप्तान श्रेयर अय्यर जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आएंगे। अय्यर ने पिछले सीजन बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 17 मुकाबलों में 175 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे। पंजाब के कप्तान ने पूरे सीजन में छह अर्धशतक लगाए थे। नेहल वढेरा और शशांक सिंह से भी पंजाब किंग्स को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। नेहल आईपीएल 2025 में अच्छी लय में दिखाई दिए थे और उन्होंने 16 मुकाबलों में 145 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 369 रन बनाए थे। मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसेन और उमरजई बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देंगे।



वहीं, मिचेल ओवेन और कूपर कोनोली आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन से छाप छोड़ना चाहेंगे। दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस को इस सीजन भी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल से बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सुदर्शन पिछले सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और उन्होंने 15 मुकाबलों में 759, जबकि गिल ने 650 रन बनाए थे। हालांकि, जोस बटलर की हालिया फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय जरूर होगी। ग्लेन फिलिप्स के प्रदर्शन पर भी हर किसी की निगाहें रहेंगी। वॉशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर और राहुल तेवतिया बल्ले और गेंद से टीम की नैया को पार लगाने का प्रयास करेंगे। कगिसो रबादा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा और लुक वुड की मौजूदगी में टीम का पेस अटैक दमदार दिख रहा है। वहीं, स्पिन विभाग की कमान राशिद खान के हाथों में होगी, जिनका साथ साई किशोर और सुंदर देंगे।

## हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर मैच में विलियम्स के प्रदर्शन पर होगी भारत की नजरें



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम मंगलवार को एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के अपने अंतिम और औपचारिक मुकाबले में हांगकांग का सामना करने उतरेगी तो ऑस्ट्रेलिया में जन्में रयान विलियम्स पर सबकी निगाहें होंगी। दोनों टीमें पहले ही अगले चरण में आगे बढ़ने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में उनकी कोशिश जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आमने-सामने होने पर फीफा रैंकिंग अंक हासिल करने और भविष्य की तैयारियों को मजबूत करने पर होगी।

टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन विलियम्स का बहुप्रतीक्षित पदार्पण भारतीय टीम के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत माना जा रहा है। यह मुकाबला एक दशक बाद शहर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की वापसी का भी गवाह बनेगा। यह राज्य भारतीय फुटबॉल के प्रमुख केंद्रों में से एक है, जहां स्थानीय दर्शक हर स्तर के मुकाबलों में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

हांगकांग के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम इस अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगी। हाल ही में मुख्य कोच खालिद जमील और कुछ खिलाड़ियों को केरल फुटबॉल संघ द्वारा स्टेडियम मालिकों को अनिवार्य सुरक्षा जमा राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण प्रवेश से वंचित कर दिया गया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के हस्तक्षेप के बाद यह मामला सुलझ गया, लेकिन अब यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपने अंतिम मैच में कैसा प्रदर्शन करती है।

अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहने की स्थिति में भारत जीत के बिना अभियान समाप्त करने की शर्मिंदगी से बचने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा। बत्तीस साल के विलियम्स का जन्म पर्थ में हुआ था और वह मुकाबले में मैदान पर नजर आ सकते हैं। भारतीय फुटबॉल के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उन्होंने 2025 के अंत में ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता त्यागकर भारत का प्रतिनिधित्व करने का फैसला किया। उन्होंने अपनी एंग्लो-इंडियन मां के जरिए पात्रता हासिल की जिनके पिता 1950 के दशक में बॉम्बे के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी रहे थे। विलियम्स 2023 में बेंगलुरु एफसी से जुड़ने से पहले इंग्लैंड में पोर्ट्समाउथ, फुलहम और ऑक्सफोर्ड यूनाइटेड जैसे क्लबों के लिए खेल चुके हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पर्थ ग्लोरी का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

इस मैच में लालेंगमाविया राल्टे उर्फ आपुइया भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। पंजाब एफसी के मिडफील्डर निखिल प्रभु के चोटिल होने के बाद आपुइया ने मिडफील्ड में खुद को मजबूती से स्थापित किया है। उन्होंने इस सत्र में मोहुन बागान के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और अब वही फॉर्म राष्ट्रीय टीम के लिए भी दोहराने की कोशिश करेंगे।

खालिद जमील ने इस मैच के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें सहल अब्दुल समद और आशिक कुरुनियन जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। एश्ले वेस्टवुड के कोचिंग में हांगकांग ने पिछले 12 मैचों में सिर्फ एक हार झेली है और वह क्वालीफायर में भारत पर पहले मिली 1-0 की जीत को दोहराना चाहेगा। यह मुकाबला शाम सात बजे से शुरू होगा।

## प्रमोद भगत के साथ तुलसीमती मुरुगेसन का धमाल, डबल गोल्ड जीत बनीं नई स्टार



**नई दिल्ली।** टोलेडो (स्पेन) 29 मार्च पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने यहां एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 लेवल 1 में भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुवाई की। भगत के अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में जीता गया स्वर्ण पदक रहा, जिसमें उन्होंने मनीषा रामदास के साथ जोड़ी बनाई। इस भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और जुझारूपन का प्रदर्शन करते हुए अपने ही देश के खिलाड़ियों नितेश कुमार और तुलसीमती मुरुगेसन को 30 मिनट में 21-15, 24-22 से हरा दिया।

पुरुषों के एकल एसएल3 फाइनल में भगत को हमवतन नितेश कुमार से 10-21, 17-21 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भगत ने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल एसएल3-एसयू5 स्पर्धा में अपना दूसरा रजत पदक जीता। इस जोड़ी ने नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव की भारतीय जोड़ी के खिलाफ दमखम से मुकाबला किया, लेकिन 16-21, 21-12, 15-21 से हार गई, जिससे उन्हें रजत पदक मिला। इस टूनार्मेंट में भारत का अभियान अलग-अलग वर्गों में कई पोडियम (शीर्ष तीन) स्थान हासिल करने के कारण यादगार रहा। नितेश कुमार ने पुरुषों के एकल एसएल3 में स्वर्ण पदक जीता, जबकि मानसी जोशी और तुलसीमती मुरुगेसन ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तुलसीमती ने महिला एकल एसयू5 वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी वर्ग में मनीषा को रजत पदक मिला।

## नियमों उल्लंघन के आरोपों पर क्या बोले सिकंदर रजा? शाहीन पर मढ़ी जिम्मेदारी! पुलिस का बयान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की टीम लाहौर कलंदर एक नए विवाद में घिर गई है। टीम के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी और विदेशी खिलाड़ी सिकंदर रजा पर होटल के सुरक्षा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों पर आरोप है कि उन्होंने देर रात सुरक्षा मंजूरी न मिलने के बावजूद चार लोगों को जबरन होटल के कमरे तक पहुंचाया। इस मामले को गंभीर मानते हुए लाहौर के डीआईजी (ऑपरेशन्स) ने पीएसएल के सीईओ को सुरक्षा उल्लंघन की सूचना दी।

### सिकंदर रजा ने दी सफाई

पुलिस का दावा है कि पहले ही मना किए जाने के बावजूद शाहीन और रजा चार मेहमानों को रात करीब 11 बजे रजा के कमरे में ले गए, जहां वे रात 1:25 बजे तक रुके रहे। हालांकि, इस पूरे मामले पर सिकंदर रजा ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि वे लोग कोई अजनबी नहीं, बल्कि उनके परिवार के सदस्य थे। रजा ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'शाहीन ने कुछ भी गलत नहीं किया। जो लोग मुझसे मिलने आए थे, वे मेरा परिवार हैं। जब आप महीनों घर से दूर रहते हैं और परिवार आपसे मिलने आता है, तो उनसे मिलना स्वाभाविक है।'

रजा ने यह भी बताया कि उन्होंने मेहमानों को लाने के लिए अनुमति मांगी थी। टीम के लायजन अधिकारी और मालिक समीन राणा ने भी उच्च अधिकारियों से बात की थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से अनुमति नहीं मिली। रजा ने आगे कहा, 'हमने कुछ छुपाने की कोशिश नहीं की। हमने सही प्रक्रिया अपनाई, लेकिन अपने परिवार से कुछ समय मिलने की अनुमति न मिलना निराशाजनक था।' वहीं पुलिस के अनुसार, सुरक्षा और एंटी-करप्शन यूनिट ने इस अनुरोध को नियमों के तहत खारिज कर दिया था। इसके बावजूद खिलाड़ियों ने नियमों को नजरअंदाज किया। रजा ने अपने कप्तान का बचाव करते हुए कहा, 'शाहीन ने एक कप्तान और भाई की तरह मेरा साथ दिया। हमने किसी पर दबाव नहीं डाला, हम सिर्फ अपने मेहमानों के साथ कमरे तक गए थे।' पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना को सुरक्षा प्रोटोकॉल और आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। ये नियम खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। फिलहाल, इस मामले को लेकर विवाद जारी है, लेकिन टीम का कहना है कि उनका मुख्य ध्यान मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना है।

## साल की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज बनीं शीतल देवी, इस पल को बताया बेहद खास



**नई दिल्ली।** शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने साल का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है। इस भारतीय तीरंदाज ने इस सम्मान के लिए दिल से आभार जताया है। वैश्विक शासी निकाय ने पिछले एक साल में इस खेल में उनके बेहतरीन प्रदर्शन और योगदान के लिए शीतल देवी को इस खिताब से सम्मानित किया है। शीतल देवी का यह पुरस्कार एक ऐतिहासिक सीजन की शानदार परिणति है, जिसमें उन्होंने ग्वांगजू में आयोजित वर्ल्ड आर्चरी पैरा चैंपियनशिप में अपना पहला विश्व खिताब जीता था।

शीतल देवी बिना हाथों के पैरा आर्चरी विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनी थीं। उन्होंने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत फाइनल में पैरालंपिक चैंपियन ओज्नुर क्यूर गिर्दी को हराया था। इसके अलावा उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और मिश्रित टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। शीतल देवी साल 2025 में 'बीबीसी इमर्जिंग एथलीट ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय तीरंदाज बनीं थीं। यह सम्मान उन्हें पेरिस 2024 पैरालंपिक गेम्स में राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीतने के बाद मिला। शीतल देवी को 2023 में विश्व तीरंदाजी पैरा महिला ऑफ द ईयर और एशियाई पैरालंपिक समिति की सर्वश्रेष्ठ युवा एथलीट के रूप में भी मान्यता मिली है। साल 2024 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम, खुद दिए संकेत



**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए अब उनकी उम्र निकल चुकी है।

मैरी कॉम ने कहा, छह विश्व चैंपियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिए अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है। अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं। मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं। कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।

## हार्दिक का दिल जीतने वाला वादा! 'लॉर्ड शार्दुल' से क्यों कहा- करियर खत्म होने तक एमआई पलटन में रहो?



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर का डेब्यू किसी सपने के सच होने जैसा रहा। 2011 से 2013 तक टीम के नेट बॉलर रहने के बाद आखिरकार उन्हें इस सीजन खेलने का मौका मिला। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में शार्दुल ने 3/39 का शानदार प्रदर्शन कर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता और टीम को जीत दिलाई। वानखेड़े की बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर 444 रन बने, लेकिन शार्दुल की गेंदबाजी ने फर्क पैदा किया।

### हार्दिक पांड्या का बड़ा बयान

मैच के बाद हार्दिक पांडया ने शार्दुल को लेकर दिल छू लेने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने शार्दुल से इस सीजन कहा है कि अब काफी फ्रेंचाइजी बदल लीं, मैं चाहता हूं कि आप अपने करियर के अंत तक यहीं रहो।' हार्दिक ने उनकी तारीफ करते हुए आगे कहा, 'वो एक शानदार इंसान हैं, उनका दिल बहुत बड़ा है। जिस तरह वो बल्लेबाज को चकमा देने की कोशिश करते हैं, वो कमाल है। उनके लिए मैं बहुत खुश हूं।'

### चुनौती से निखरते हैं शार्दुल

जब केकेआर छह ओवर में बिना विकेट के 68 रन बना चुका था, तब शार्दुल को गेंद थमाई गई। उन्होंने तुरंत असर दिखाते हुए खतरनाक फिन एलेन को आउट किया। शार्दुल ने मैच के बाद कहा, 'मैं पहले भी कह चुका हूं कि मुझे चुनौतियां पसंद हैं। छठे ओवर में गेंदबाजी करना आसान नहीं था, लेकिन ऐसे ही मौके मुझे बेहतर बनाते हैं। आज का प्रदर्शन भी वैसा ही था।'

वानखेड़े शार्दुल के लिए खास जगह है। उन्होंने अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा, 'यहां मेरी यादें मिली-जुली रही हैं। मैं एक युवा खिलाड़ी के तौर पर यहां नेट बॉलर था और चुपचाप मेहनत करता था। अब अपनी होम टीम के लिए खेलना खास एहसास है।' उन्होंने यह भी बताया कि मुंबई के लिए खेलना हमेशा उनका सपना था, जो अब पूरा हुआ।

शार्दुल ने फ्रेंचाइजी के भरोसे के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा, 'अगर मैं यहां लंबे समय तक रहूं तो मुझे बहुत खुशी होगी। यह मेरा घर है। जिस तरह से टीम ने मुझे सपोर्ट किया, वह शानदार है।'

सोशल मीडिया पर 'लॉर्ड शार्दुल' के नाम से मशहूर शार्दुल इस निकनेम को लेकर भी खुश नजर आए। उन्होंने कहा, 'मुझे यह नाम पसंद है। यह लोगों का प्यार दिखाने का तरीका है, कोई मजाक नहीं बल्कि सकारात्मक चीज है।'

## मंगोलिया रिंग में गूंजेगा भारत का पंच, लवलीना-निकहत की नजरें एशियाई चैम्पियनशिप गोल्ड पर

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए साल के आखिर में होने वाले बहु-खेल टूनामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूनार्मेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरूआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैम्पियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।



भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जॉर्डन और थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है। महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (51 किग्रा), मौजूदा विश्व चैम्पियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) और जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं, निकहत, मीनाक्षी और जैस्मीन नवंबर के बाद पहला टूनार्मेंट खेलेंगी। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा, एशियाई चैम्पियनशिप कठिन परीक्षा होगी। हमें पता है कि पिछले एक दशक में एशियाई मुक्केबाजी का स्तर काफी बेहतर हुआ है और दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से कई एशिया से हैं।

उन्होंने कहा, हमारा इतिहास बताता है कि हम पदक जीत सकते हैं। हमारी नजरें कई पदकों पर हैं, जिसके लिए हमारे मुक्केबाजों का फाइनल में पहुंचना जरूरी है। महिला वर्ग में प्रीति पवार 54 किग्रा भार वर्ग में कजाखस्तान की एलिना बाजारोवा से भिड़ेंगी, जबकि 60 किग्रा में प्रिया का मुकाबला कजाखस्तान की मुक्केबाज रिम्मा वोलोसेन्को से होगा। मीनाक्षी का सामना जापान की युका सदामात्सु से होगा, जबकि पूजा रानी कजाखस्तान की नादेज्दा रायाबेत्स के खिलाफ उतरेंगी। जरीन, जैस्मीन, अंकुशिता बोरो, अरुंधति चौधरी, बोरगोहेन और अल्फिया पठान को पहले दौर में बाई मिली है। महिला खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सी. ए. कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं।

भारतीय पुरुष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किग्रा) और सचिन सिवाच (60 किग्रा) पर रहेगा। पुरुष वर्ग में विष्णनाथ सुरेश (50 किग्रा) अपने अभियान की शुरूआत बेकजात एगेशोव के खिलाफ करेंगे, जबकि जादूमणि 55 किग्रा के कठिन मुकाबले में शीर्ष वरीय जापान के रुई यामागुची से भिड़ेंगे। सचिन का सामना स्थानीय दावेदार बुइयंदालाई बायारखू से होगा, जबकि आदित्य सऊदी अरब के मौदा अलहसाव के खिलाफ उतरेंगे। अंकुश और नरेंद्र को पहले दौर में बाई मिली है, जिससे वे सीधे अगले चरण में प्रवेश करेंगे। इस टूनार्मेंट में कई ओलंपिक पदक विजेता और एशिया भर के उभरते सितारे हिस्सा ले रहे हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी रहने की उम्मीद है।

भारतीय टीम : महिला : मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो), प्रीति पवार (54 किलो), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरूंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो) पुरूष : विश्वनाथ सुरेश (50 किलो), जादूमणि सिंह (55 किलो), सचिन (60 किलो), आदित्य प्रताप यादव (65 किलो), दीपक (70 किलो), आकाश (75 किलो), अंकुश (80 किलो), लोकेश (85 किलो), हर्ष चौधरी (90 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो)।

## रोहित शर्मा ने लगाया अर्धशतकों का 'पचासा'

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में ताबड़तोड़ प्रदर्शन किया। उन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। वहीं, केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर का 10 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। आईपीएल के 19वें संस्करण का दूसरा मुकाबला वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और केकेआर के बीच खेला गया। इस मैच में मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने रेयान रिकेल्टन के साथ पहले विकेट के लिए 72 गेंदों में 148 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की।

रोहित और रिकेल्टन के बीच हुई शतकीय साझेदारी मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। दोनों ने पहले विकेट के लिए 148 रन जोड़े। इससे पहले दूसरे विकेट के लिए 2012 में रोहित शर्मा और हर्षल गिब्स के बीच 167 रनों की नाबाद साझेदारी हुई थी। वहीं, दूसरे स्थान पर ड्वेन स्मिथ और सचिन तेंदुलकर हैं, जिनके बीच 2012 में पहले विकेट के लिए 163 रनों की नाबाद साझेदारी हुई थी।

### रिकेल्टन ने भी दिखाई दमदार बल्लेबाजी

दूसरी ओर, रेयान रिकेल्टन ने 43 गेंदों में 81 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरूआत दी। उनकी रोहित शर्मा के साथ 148 रन की साझेदारी ने 221 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा आसान बना दिया। रिकेल्टन ने कहा, 'मुझे दबाव महसूस हुआ, क्योंकि क्विंटन डिकॉक जैसे खिलाड़ी टीम में हैं। लेकिन मुझे खुद को साबित करना था।' रिकेल्टन ने आगे कहा, 'डिकॉक जैसे अनुभवी खिलाड़ी का साथ मिलना फायदेमंद है। वो मेरी मदद करते हैं और मैं उनके साथ खेलकर बेहतर हो रहा हूं।'

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | मंगलवार • 31 मार्च -2026






# उद्योग व्यापार मंडल ने कामर्शियल गैस की किल्लत को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल ने क्षेत्र में कॉमर्शियल गैस की हो रही भारी किल्लत के समाधान की मांग को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को सौपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने गैस सिलेंडर की कमी एवं उससे उत्पन्न हो रही कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाया है।

उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि कामर्शियल गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति न होने के कारण व्यापारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उद्योग व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि व्यापारियों एवं सामाजिक आयोजनों के लिए गैस सिलेंडर की आपूर्ति को सुचारू बनाने हेतु स्पष्ट गाइडलाइन जारी की जाए, ताकि सभी वर्गों को राहत मिल सके। एसडीएम अजीत कुमार सिंह ने व्यापारियों की समस्या का संज्ञान लेने की बात कही है। इस दौरान अध्यक्ष अमित गोयल, सचिन खटाना, सतेन्द्र गुप्ता समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहें।

# अनियंत्रित कार ने ई- रिक्शा में मारी टक्कर

## रिक्शा चालक गंभीर घायल, कई सवारियों को लगी चोट





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** अनियंत्रित गति से आ रही एक कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा चालक व रिक्शा में सवार कई सवारियों को गंभीर चोटे आई है। घायलों को नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। में एक तेज रफ्तार कार ने ई.रिक्शा को टक्कर मार दी। गांव सीकरीकला हाइवे पर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा सवारियों को लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। तभी अचानक तेज गति से आ रही कार अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी, कि इ- .रिक्शा पलटते-पलटते बचा और उसमें बैठे लोग सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला और एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। ई-रिक्शा चालक की हालत गंभीर बनी हुई है, उसे नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, अन्य घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस कार चालक की पहचान करने और वाहन को कब्जे में ले लिया है।




## चाय वाले ठिये पर निकला जब चुनाव लड़वाने वाले चाचा का दर्द

चुनाव से पहले और चुनाव के बाद वाला सीन ठीक वैसा ही होता है जैसा हकीमों के इश्तेहार में ईलाज से पहले और ईलाज के बाद सीन होता है। बाजार वाले चाचा सोशल मीडिया पर फुल्ली एक्टिव रहते हैं। जब पार्षदी वाला टिकट घोषित हुआ तो बाजार वाले चाचा भी पूरी तरह से चुनाव लड़वाने में समर्पित हो गये। समर्पण काम आया और जीतने वालों में उनके उम्मीदवार का नाम आया। मगर वो तो जीतते ही बाजार वाले हो गये। उनके लहजे भी बदल गये और चाचा का दिल तब हिल गया जब सफाई कर्मचारी से उन्होंने ये सोच कर काम बताया कि पार्षद तो अपना है। मगर सफाई कर्मचारी ने जब पार्षद का बयान बताया तो चाचा हैरान हो गये। चाय के ठिये पर दिल का दर्द निकला है और उस दर्द को सबने सुना है। चाचा का दर्द ये है कि हम तो उसके चुनाव में हमदर्द बने और उसने सफाई कर्मचारी से कह दिया कि हम कौन होते है उसे काम बताने वाले।

## पहले तो मना कर दी उन्होंने खीर और फिर वो क्यों ढूंढ रहे थे पनीर

हिसाब पूछने वाले बब्बे भी इन दिनों अजीब अस्सी नब्बे के गेम से गुजर रहे हैं। उन्हें लड़ाई भी लड़नी है और हाल ये है कि हमीं से मोहब्बत और हमीं से लड़ाई। कमेटी के दफ्तर आने में आना का सवाल है लेकिन पार्किंग वालों के साथ गेट पर बैठ जाने में कोई ख्याल नहीं है। हनुमान जी वाले महोत्सव में वो आये तो सही लेकिन दावत वाले बर्तनों से दूर रहे। किसी ने उनसे भोजन के लिए कहा तो उन्होंने इंकार कर दिया। खीर को इंकार था मगर नजर रखने वाले भी कम नहीं है। थोड़ी देर बाद जब खीर से इंकार वाले उसी कार्यक्रम में पनीर तलाश रहे थे तो सबकी नजर उन पर थी। राम वालों ने कह भी दिया कि हमें तो ये तकमित्रे समझ नहीं आते कि रूठ कर किसे दिखा रहे हैं। खुद खीर भी नहीं खायेंगे मगर जानकार के लिए पनीर ढूंढे जा रहे हैं।

## पार्षद ने गिना दिये नाम और कहा वो नहीं आये थे मेरे किसी भी काम

वैसे तो पूरा नगर ही भगवा है लेकिन अब इलेक्शन से पहले कोई ऑब्लिगेशन गिना रहा है और कोई बता रहा है कि तुमने मेरे लिए किया ही क्या है। जुबान उस पार्षद की खुली जो अपनी चुनावी कश्ती किसी तरह तूफान से बाहर निकाल लाये। उन्होंने कहा कि मैं जनसभा में क्यों बस लेकर जाऊंगा। फिर बता दिया कि जब मेरी दावेदारी की बेला थी तो इन्हीं लोगों ने मेरे साथ खेला कर दिया था। फिर उन्हेंाने एक सिरे से बड़े जनप्रतिनिधि से लेकर छोटे नेता के नाम गिना दिये। बता दिया कि जब टिकट मांगने गया तो मुझे रूल बताये और जब मैं चुनाव लड़ा तो मेरे यहां एक बार भी मेरे लिये वोट मांगने नहीं आये। मैं अपने दम पर टिकट लेकर आया और अपने दम पर चुनाव लड़ा। मुझे दो बड़े नामों का लाभ मिला लेकिन इन नेताओं से मुझे कुछ भी नहीं मिला।

# महावीर जयंती पर गंगा टावर में किया भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महावीर जयंती के अवसर पर कौशांबी स्थित गंगा टावर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद कुसुम मनोज गोयल उपस्थित रहे और भंडारे को बंटवाने में सहयोग भी किया। इस अवसर पर अमिता जैन, शिमला जैन, अजय जैन, नीतू जैन, पीयूष जैन, मीतू जैन, सरिता, ऋतु जैन, सविता जैन, ममता, सीमा उत्सव जैन, मोना जैन, स्नेहलता आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 स्थित जी-ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्साहपूर्वक घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल के प्रधानाचार्य जाकिर हुसैन ने हाजी मोहम्मद कल्लन का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात, परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को मार्कशीट और पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों के चेहरे पर सफलता की खुशी साफ देखी गई। पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही तरक्की का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

समारोह में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सलामुद्दीन मलिक, मोहम्मद अजीम मंसूरी मास्टर आरिफ, उपाध्यक्ष यासमीन, नीलम ममाधुरी कश्मीर सिंह यादव, सूरज सिंह शेरा आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य जाकिर हुसैन ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय प्रशासन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# खत्री सभा की बैठक में सनातन धर्म और समाज उत्थान का संकल्प




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रांतीय खत्री सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शिवाजी बैंकट हॉल में एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और पदाधिकारियों के माल्यार्पण के साथ हुआ। बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक एकजुटता, सनातन धर्म की रक्षा और युवाओं को संगठन से जोड़ने पर बल दिया गया।

मुख्य संयोजक महेश कुमार आहुजा ने आह्वान किया कि सरकारी जाति गणना के फॉर्म भरते समय उपनाम के स्थान पर 'खत्री' लिखना सुनिश्चित करें। बच्चों के विवाह उचित आयु (24-25 वर्ष) में करने और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर साथियों की मदद करने का प्रस्ताव पारित हुआ। गौ, गंगा और गायत्री की रक्षा के साथ-साथ भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

अध्यक्ष अमित खत्री ने आगामी योजनाओं की रूपरेखा रखी, जबकि गाजियाबाद अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने नवयुवकों को जोड़ने और सभा के विस्तार पर जोर दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। बैठक में राजकुमार टंडन, विकास कक्कड़, बृजेश मेहरोत्रा, तूलिका सेठ सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए समाज के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पत्नी से विवाद के चलते पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाने इलाके की राहुल गार्डन कॉलोनी में ग्रह क्लेश के चलते एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फांसी पर लटके शव को उतार कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मौका मोआयना कर जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि रात पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया इसी कलह में रात किसी समय उसने फांसी लगा ली। सुबह उसकी पत्नी कमरे में गई तो उसके होश उड़ गए पुलिस को जानकारी लेने पर पता चला कि जसबंत नगर जनपद इटावा का रहने वाला आशु पुत्र ब्रहम सिंह अपने परिवार के साथ लोनी के राहुल गार्डन कॉलोनी में रह रहा था पत्नी से विवाद के चलते उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस बैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन ने निवर्तमान सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन को दी गई भावभीनी विदाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन और विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अखिलेश मोहन को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित कर विदाई दी। इस अवसर पर उन्हें अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

संस्था की ओर से बी.के. शर्मा 'हनुमान' ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. अखिलेश मोहन की ईमानदारी और मेहनत सदैव प्रेरणा देगी। उनके प्रयासों से ही जिला एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ सुलभ हो सकीं, जिसका लाभ आज हजारों गरीब मरीजों को मिल रहा है। कार्यक्रम में उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया।




# नदियापार में फिर सजेगा दस्तरखान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो तीन जौन हैं लेकिन बड़े खाने के मामले में नदिया पार वाला जोन लगातार टीआरपी में हाई चल रहा है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि अप्रैल के पहले वीक में नदिया पार में फिर से एक बड़ा खाना होने जा रहा है। बताया जा रहा है कि मेट्रो स्टेशन के बराबर वाले थाने का निर्माण कार्य बहुत तेज गति से हो रहा है और काम एकदम अंतिम पर है। यहां पर जल्द ही बड़े खाने का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़े-बड़े अधिकारी और प्रमुख फेस नजर आएंगे। अब बताया जा रहा है कि थाने को सजाने के लिए टाइलिंग से लेकर लाइटिंग और गार्डन से लेकर किचन गार्डन तक तैयार किया जा रहा है। यहां स्पेशल मैस बनाने के साथ ही कई और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि इस बार जो नदिया पार में दस्तरखान सजना वाला है, वह बेहद खास रहने वाला है। इन सबके बीच जानकारी दी जा रही है कि इस कार्यक्रम में आईपीएस की संख्या भी सर्वाधिक रह सकती है। तो आने वाली लिस्ट को लेकर भी चर्चा अभी से शुरू हो गई है। जिस तरीके से नदिया पार के लगभग अधिकांश थाने ऐसे हैं जहां बड़ा खान यानी दस्तरखान सज सिर्फ चुका है। इन सबके बीच जानकारी यह भी मिल रही है कि जल्द ही सिटी जोन में भी एक खास परिसर में पूजा-पाठ और प्रसाद का आयोजन होना है। तो सूत्र यह बता रहे हैं कि पहले सप्ताह के बाद सिटी वाले सबसे टेंशन और अटेंशन वाले थाने जो कि इन दिनों सबसे हाईटेक और कॉरपोरेट लुक में बनकर तैयार हो चुका है, वहां पर भी बड़े खाने का आयोजन होगा। उस बड़े खाने के लिए अभी से उस थाने वाले थ्री-स्टार और सर्किल साहब ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। वही सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से छुट्टी वाले दिन वहां का निरीक्षण हुआ है, उसके बाद उसमें कई और सुधार और बंदोबस्त देखने को मिलेगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थानों की सूरत और लाइन से लेकर कार्यालय का माहौल दिनों दिन बदलता जा रहा है। चाहे वह रेलवे लाइन वाला परिसर हो या मेट्रो स्टेशन के बराबर वाला थाना पुलिस कमिश्नरेट के अब कार्यालयों से लेकर परिसर अपनी कहानी खुद बता रहे हैं। हाईटेक नजारा, सुंदर लाइटिंग और आधुनिक व्यवस्थाएं बता रही हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम वाकई मेट्रोपॉलिटन सिटी के तरह विकसित किया जा रहा है। कुल मिलाकर इन सबके पीछे बड़े साहब की मेहनत और लगातार निरीक्षण और मॉनिटरिंग वजह बताई जा रही है। कुल मिलाकर अप्रैल के पहले सप्ताह का तीसरा दिन नदिया पार के दस्तरखान वाले आयोजन के लिए तय कर दिया गया बताया जा रहा है।




# छाया पब्लिक स्कूल की छात्रा तनिष्का बंसल ने किया टॉप

## स्कूल ने किया सम्मानित



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** छाया पब्लिक सकूल की कक्षा 9वीं छात्रा ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रधानाचार्य ने टॉपर को प्रशिस्त पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व व्यापारी मनीष बंसल की बेटी तनिष्का बंसल गोविन्दपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में 9वीं कक्षा की छात्रा है। उसे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन से निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ0 अरूण त्यागी व पारूल मैडम ने संयुक्त रूप से तनिष्का बंसल को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि के लिये तनिष्का ने अपने माता पिता व शिक्षकों का योगदान अहम बताया।

# डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन में आयोजित दो द्विवसीय स्पोर्ट्स मीट-2026 का समापन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के संस्थानों में आयोजित दो दिवसीय 'स्पोर्ट्स मीट-2026' का रविवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ। इस खेल उत्सव में फाउंडेशन के विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन बैडमिंटन में सीएमडी और रस्साकसी (बालक वर्ग) में केएनएमसीई व केएनएमआईईटी के खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। इसके अलावा ट्रैक एंड फील्ड, क्रिकेट, वॉलीबॉल और कबड्डी में भी कड़े मुकाबले देखने को मिले। मेघराज शर्मा (प्रशासनिक अधिकारी) ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं और जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल के प्रति समर्पण है। दीपांकर शर्मा (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल छात्रों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करते हैं।

विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही 'बेस्ट एथलीट' और 'बेस्ट टीम स्पिरिट' जैसे विशेष पुरस्कारों से छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। अंत में आयोजन समिति ने सभी शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की।

# वसुंधरा में गुर्जर परिवार मिलन समारोह का आयोजन, मेधावी बच्चों को किया सम्मानित






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-4बी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में 'अखिल भारतीय गुर्जर महासभा, वसुंधरा' द्वारा 'गुर्जर परिवार मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने सपरिवार हिस्सा लिया, जिसमें महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

समारोह के दौरान गुर्जर समाज की महान विभूतियों जैसे महान सम्राट मिहिरभोज, धन सिंह कोतवाल और विजय सिंह पथिक के देशहित में दिए गए बलिदान और योगदान पर चर्चा की गई।

समाज की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मंच पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से 23 वर्ष की आयु में एयर इंडिया के पायलट बने राजदीप भाटी को सम्मानित किया गया, ताकि अन्य बच्चों में भी सफलता के प्रति स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास हो। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य मेधावियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। संरक्षक बी.पी. सिंह वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'मेरा समाज' का विमोचन रहा। इस पुस्तक में लेखक ने समाज के प्रति अपने विचारों और अनुभवों को विस्तार से संकलित किया है। मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र भाटी के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सविंदर सिंह भाटी, के.पी. सिंह कसाना और प्रदेश अध्यक्ष सुनील भाटी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और प्रगतिशील समाज के निर्माण पर जोर दिया। एसीपी दिल्ली लाल बाहर ने 'ग्राम पाठशाला' मुहिम के महत्व को साझा किया। मंच संचालन कार्यकारी अध्यक्ष बलराज सिंह बंसलने किया। इस अवसर पर पार्षद शिल्पा चौधरी, ओम प्रकाश सिंह करहाना, महासचिव रविंद्र प्रधान, उपाध्यक्ष बिक्रम सिंह बैसला, सुभाष बंसल, बिजेंद्र भाटी, आशीष चौधरी आदि लोग मौजूद रहे। महासभा के वसुंधरा अध्यक्ष गजराज सिंह ने सभी अतिथियों और आगंतुक परिवारों का आभार व्यक्त किया।

पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा बच्चों को मेहनत करने सीखना चाहिए क्योंकि मेहनत करके ही बच्चे आगे बढ़ते हैं। जब बच्चा मेहनत करता है तो आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने संकल्प लिया कि समाज की एकजुटता के लिए ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# संस्कार ग्रुप ऑफ एजुकेशन में चार दिवसीय वार्षिकोत्सव 'युफोरिक-2026' का आगाज






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्थानीय संस्कार ग्रुप ऑफ एजुकेशन में सोमवार से चार दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद महोत्सव 'युफोरिक-2026' का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले ही दिन फामेर्सी, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, डिप्लोमा और आर्किटेक्चर विभागों के लगभग 1600 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर समां बांध दिया। महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ डॉ. बबिता कुमार (निदेशिका, फार्मेसी), प्रो. डॉ. धर्मेन्दर सिंह (निदेशक, इंजीनियरिंग) एवं प्रो. फैज मोहम्मद (निदेशक, मैनेजमेंट) ने संयुक्त रूप से खेल स्पधाओं की शुरूआत कराके किया। खेल के मैदान पर क्रिकेट, बैडमिंटन, लंबी कूद, रस्साकशी, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने पूरे दमखम के साथ हिस्सा लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में छात्र-छात्राओं ने रंगोली, हास्य नाटक, वाद्य यंत्र वादन और नुक्कड़ नाटक के जरिए अपनी रचनात्मकता दिखाई। वहीं, तकनीकी व बौद्धिक स्तर पर आयोजित वाद-विवाद और तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताओं में छात्रों के तर्क और ज्ञान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सभी विभागाध्यक्षों और प्राध्यापकों ने उपस्थित रहकर छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। 31 मार्च व 01 अप्रैल : इन दो दिनों में नृत्य, गायन और कविता पाठ जैसी मुख्य सांस्कृतिक स्पधाएं आयोजित की जाएंगी। 02 अप्रैल (समापन) : अंतिम दिन सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। महोत्सव का समापन एक भव्य 'डी.जे. नाइट' के साथ होगा, जिसमें छात्र उत्सव का आनंद उठाएंगे।







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आस्था और श्रद्धा की कोई कीमत नहीं होती। लेकिन ये शब्द ये भाव बेशकीमती होते है। नामित पार्षद संजय रावत ने अपने गुरू प्रेमानंद जी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। अपनी आस्था को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# राष्ट्रपति के विमान एयर फोर्स वन की सुरक्षा में बड़ी चूक, तुरंत भेजे गए एफ-16 लड़ाकू विमान



## नागरिक विमान ने एयर फोर्स वन के उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन किया

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, घटना रविवार को फ्लोरिडा के पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घटी। घटना के चलते अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही रोक दी और नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड के विमानों को तुरंत रवाना कर नागरिक विमानों को रोक लिया गया। हालांकि व्हाइट हाउस ने बताया कि न तो एयर फोर्स वन और न ही राष्ट्रपति ट्रंप को खतरा था।

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई। दरअसल एक नागरिक विमान ने फ्लोरिडा के पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन के उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन कर दिया। जिसके चलते तुरंत लड़ाकू विमानों को रवाना करना पड़ा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में रविवार को उस समय भारी चूक हुई, जब एक नागरिक विमान ने राष्ट्रपति के विमान एयर फोर्स वन के करीब उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन किया। जिसके चलते अफरा-तफरी का माहौल बन गया और तुरंत एफ-16 लड़ाकू विमानों को सुरक्षा के लिए भेजा गया और फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया।

जारी बयान के अनुसार, एफ-16 लड़ाकू विमानों ने दोपहर करीब 1.15 बजे पाम बीच के ऊपर विमान को रोका। नागरिक विमान ने उस क्षेत्र में लागू अस्थायी उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन किया था। इसके बाद नागरिक विमान को तुरंत प्रतिबंधित क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान लड़ाकू विमान के पायलट ने नागरिक विमान को संकेत देने और निर्देश देने के लिए फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया। नागरिक विमान ने उस क्षेत्र में लागू अस्थायी उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन किया था। इसके बाद नागरिक विमान को तुरंत प्रतिबंधित क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान लड़ाकू विमान के पायलट ने नागरिक विमान को संकेत देने और निर्देश देने के लिए फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया।

### व्हाइट हाउस ने दी जानकारी

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एक नागरिक विमान पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई नियंत्रण टावर से कुछ समय के लिए संपर्क से बाहर हो गया था, लेकिन अंततः संपर्क स्थापित हो गया और विमान की लैंडिंग को रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि ड्रोन की घुसपैठ नहीं हुई और राष्ट्रपति के विमान एयर फोर्स वन को लेकर कोई चिंता नहीं है।

# ईरानी नौसेना प्रमुख तंगसीरी की मौत की पुष्टि

## इस्राइली हमले में घायल होने के बाद निधन, होर्मुज नियंत्रण में निभाई थी अहम भूमिका



ईरान ने सोमवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसीरी के निधन की पुष्टि की है। इस्राइल ने गुरुवार को दावा किया था कि उसने अलीरेजा तंगसीरी को मार गिराया है।

### गंभीर चोटों की वजह से मौत

सरकारी टेलीविजन पर सोमवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड की ओर से जारी एक बयान में मौत की पुष्टि की गई। इस बयान में कहा गया कि तंगसीरी अपनी चोटों की गंभीरता के कारण जन्नतनशीं हो गए।

**तेहरान।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 26 मार्च को ही दावा कर दिया था कि आईआरजीसी की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी हवाई हमले में मारे गए हैं। नेतन्याहू ने बताया था कि तंगसीरी को होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने का जिम्मा सौंपा गया था।

### होर्मुज पर ईरानी नियंत्रण बढ़ाने में निभाई बड़ी भूमिका

आईआरजीसी के बयान में होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उनकी भूमिका की तारीफ की गई। आईआरजीसी ने बताया कि तंगसीरी ने खासतौर से होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी।रिवोल्यूशनरी गार्ड की ओर से जारी एक बयान में मौत की पुष्टि की गई। इस बयान में कहा गया कि तंगसीरी अपनी चोटों की गंभीरता के कारण जन्नतनशीं हो गए।

बयान में कहा गया, हर लड़ाका एक तंगसीरी है। हम देखेंगे कि वे आने वाले दिनों और महीनों में क्या आश्चर्य लाएंगे।

### ईरान के अगले फैसले पर होगी नजर

तंगसीरी की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल अब ये है कि ईरान की ओर से किसे अगला नौसेना प्रमुख बनाया जाता है। दरअसल, ईरान ने होर्मुज जलजमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखने का दावा किया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने का इशारा कर दिया है। ऐसे में सभी की नजरें ईरान के इस फैसले पर होगी कि वो किसे अगला नौसेना प्रमुख बनाएगा।

### पांच दिन बाद मौत की पुष्टि

इस्राइल ने 26 मार्च की रात को आईडीएफ के एक सटीक और खतरनाक अभियान में आईआरजीसी के नौसेना कमांडर तंगसीरी और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों को मार गिराने का दावा किया था। इससे पहले इस्राइली मीडिया ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से बताया था कि तंगसीरी हवाई हमले में मार गए हैं। हालांकि, तब ईरान ने आधिकारिक तौर पर उनकी मौत की पुष्टि नहीं की थी।

# रूस ने ब्रिटिश राजनयिक को देश से निकाला

## जासूसी और गलत जानकारी के आरोप, दो हफ्तों में मॉस्को छोड़ने का आदेश



**रूस।** रूस ने जासूसी और गलत जानकारी देने के आरोप में एक ब्रिटिश राजनयिक की मान्यता रद्द कर उसे दो हफ्तों में देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके अलावा, रूसी विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की कार्यवाहक उच्चायुक्त कोतलब किया है। रूस ने सोमवार को जासूसी के आरोप में एक ब्रिटिश राजनयिक को देश से निष्कासित किया और उसे दो हफ्तों के भीतर मॉस्को को छोड़ने का आदेश दिया। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने यह जानकारी दी। एफएसबी सोवियत काल की केजीबी की प्रमुख उत्तराधिकारी संस्था है। इसने एक बयान में कहा, जानसे वैन रेंसबर्ग की मान्यता रद्द करने का फैसला लिया गया है। उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा इससे पहले सोमवार को रूस के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की कार्यवाहक उच्चायुक्त डैने डोलाकिया को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, यह कदम इस खुलासे के बाद उठाया गया कि ब्रिटिश दूतावास के एक कर्मचारी ने देश में प्रवेश पाने के लिए अपने बारे में 'जानबूझकर गलत जानकारी'दी थी।

मंत्रालय ने कहा, एफएसपी ने अपनी खुफिया विरोधी गतिविधियों के दौरान पाया कि मॉस्को में ब्रिटिश दूतावास के नाम पर ब्रिटेन की खुफिया मौजूदगी छिपाई जा रही थी। इसने आगे कहा, रूसी कानूनों के उल्लंघन और 1961 के वियना सम्मेलन (कन्वेंशन) के अनुच्छेद 9 के अनुसार इस व्यक्ति की मान्यता रद्द किए जाने की जानकारी ब्रिटिश पक्ष को दी गई।

रूस के विदेश मंत्रालय के अनुसार, एफएसबी की जांच में पता चला कि दूतावास के द्वितीय सचिव ने अपने वीजा आवेदन में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी, जो रूसी कानून का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा, एजेंसी ने रेंसबर्ग के खुफिया और विघटनकारी गतिविधियों में शामिल होने के संकेत भी पाए, जो रूस की सुरक्षा के लिए खतरा थे।

जनवरी में भी मॉस्को ने ब्रिटिश दूतावास के एक द्वितीय सचिव को जासूसी गतिविधियों का पता चलने के बाद देश से निष्कासित कर दिया था।

# ईरान को ट्रंप की कड़ी चेतावनी, तबाही की धमकी

### समझौता न हुआ तो तेल केंद्र, ऊर्जा संयंत्र और खार्ग द्वीप निशाने पर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह जल्द किसी समझौते पर नहीं पहुंचता है, तो उसके तेल केंद्रों, ऊर्जा संयंत्रों और खर्ग द्वीप को तबाह कर दिया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान में अपने सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए एक और अधिक तर्कसंगत शासन के साथ गंभीरता से बातचीत कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अगर किसी भी वजह जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है (जिसकी बहुत अधिक संभावना है)और अगर होर्मुजलडमरूमध्य व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खर्ग द्वीप को पूरी तरह



तबाह कर देंगे, जिन्हें हमने जानबूझकर अभी तक छुआ नहीं है।

उन्होंने लिखा, यह उन असंख्य सैनिकों और अन्य लोगों का बदला होगा, जिन्हें ईरान ने पिछले शासन के 47 वर्षों के आतंक के दौरान बेरहमी से मार डाला था। इस मामले पर ध्यान देने के धन्यवाद।

# नेपाल में सियासी भूचाल, ओली की गिरफ्तारी पर विरोध तेज

## तीसरे दिन भी सड़कों पर प्रदर्शन, रिहाई करो के लगे नारे



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के विरोध में तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रहे। वहीं, अधिकारियों ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। उन पर पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुई जेन-जी आंदोलन को दबाने को आरोप है। इस आंदोलन के दौरान दो दर्जन युवाओं समेत 76 की मौत हुई थी।

ये गिरफ्तारियां तब हुईं, जब नई बनी बालेंद्र शाह सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में जेन-जी विरोध प्रदर्शनों की जांच रिपोर्ट को लागू करने का फैसला किया। सोमवार सुबह ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत माक्सवादी-लेनिनवादी) और उसके सहयोगी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता नया बनेश्वर इलाके में एकत्र हुए थे। कार्यकर्ता 'केपी ओली को तुरंत रिहा करो' और 'बदले की राजनीति बंद करो' जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

### तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज

इसी बीच, नेपाल के धनशोधन जांच विभाग और पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के खिलाफ जांच तेज कर दी है। यह कार्रवाई पूर्व मंत्री दीपक खडका की गिरफ्तारी के बाद की गई है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, विस्तृत जांच शुरू करने से करीब छह महीने पहले शुरूआती जांच की गई थी। इस दौरान हेराफेरी पाए जाने के बाद जांच का दायरा बढ़ा दिया गया।

### पूर्व ऊर्जा मंत्री की क्यों हुई गिरफ्तारी?

पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खडका को धनशोधन मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया था। स्वास्थ्य से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें रविवार को महाराजगंज स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन पर आरोप है कि ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री रहते हुए उन्होंने लाइसेंस और ठेके दिलाने के बदले आर्थिक लाभ लिया। पिछले साल जेन-जी आंदोलन के दौरान खडका और पूर्व प्रधानमंत्रियों देउबा और दहल के घरों पर जले हुए नोटों के टुकड़ों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए थे, जिनकी बाद में फोरेंसिक जांच में पुष्टि भी हुई थी।

# ईरान ने कुवैत के पावर प्लांट पर किया हमला, एक भारतीय की मौत, पश्चिम एशिया में बढ़ रहा तनाव

**कुवैत।** ईरान की तरफ से कुवैत पर हमला किया गया है, जिसमें एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई है। पश्चिम एशिया में हालात तेजी से तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। कुवैत, लेबनान और इस्राइल के बीच बढ़ती घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ सकता है, जिससे आम लोगों और खासकर विदेशी कामगारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।



कुवैत में ईरान की ओर से हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। कुवैत के बिजली, पानी और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को हुए इस हमले में एक बड़े पावर और पानी के डीसैलिनेशन (समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने वाला) प्लांट के सर्विस बिल्डिंग को निशाना बनाया गया। इस हमले में वहां काम कर रहे एक भारतीय कर्मचारी की जान चली गई और इमारत को भारी नुकसान पहुंचा। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के एक महीने के दौरान भारतीय नागरिकों की मौतों की संख्या आठ हो गई है।ईरान ने कुवैत के पावर प्लांट पर किया हमला, एक भारतीय की मौत; पश्चिम एशिया में बढ़ रहा तनाव ईरान की तरफ से कुवैत पर हमला किया गया है, जिसमें एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई है। पश्चिम एशिया में हालात तेजी से तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। कुवैत, लेबनान और इस्राइल के बीच बढ़ती घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ सकता है, जिससे आम लोगों और खासकर विदेशी कामगारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। कुवैत में ईरान की ओर से हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। रविवार शाम को हुए इस हमले में एक बड़े पावर और पानी के डीसैलिनेशन (समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने वाला) प्लांट के सर्विस बिल्डिंग को निशाना बनाया गया।

# स्पेन ने अमेरिका को झटका, एयरस्पेस किया बंद

## ईरान हमले में शामिल अमेरिकी विमानों पर रोक, पहले सैन्य अड्डों के इस्तेमाल से भी किया था इनकार

**मैड्रिड।** स्पेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। स्पेन ने संयुक्त अमेरिकी सैन्य अड्डों के इस्तेमाल से मना करने के बाद अब एक हालिया फैसले में अपने एयरस्पेस को भी अमेरिका के लिए बंद कर दिया है। यह बंदी उन अमेरिकी विमानों पर लागू होगी, जो ईरान पर हमले में शामिल रहे हैं।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच स्पेन ने एक फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बार फिर से आईना दिखा दिया है। स्पेन ने सोमवार को ईरान पर हमलों में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। स्पेन का यह फैसला डोनाल्ड ट्रंप के लिए झटका माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले से ही संयुक्त रूप से संचालित अमेरिकी सैन्य अड्डों के इस्तेमाल किए जाने से इनकार कर चुका है। हालिया फैसले



को इसी के विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है।

स्पेन के वित्त मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह निर्णय संघर्ष के प्रति स्पेनिश सरकार के व्यापक रुख को दशार्ता है। उन्होंने रेडियो कैडेना सेर को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ₹यह फैसला स्पेन की सरकार द्वारा पहले से लिए गए उस निर्णय का हिस्सा है कि वह ऐसे युद्ध में भाग नहीं लेगी या योगदान नहीं देगी जो एकतरफा और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ शुरू किया गया था। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ईरान पर अमेरिकी और इस्राइली हमलों के सबसे मुखर आलोचकों में से रहे हैं, जिन्होंने इसे लापरवाह और अवैध बताया है। इसके चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संभावित आर्थिक परिणामों की चेतावनी दी थी।

वॉशिंगटन और मैड्रिड के बीच तनाव तब बढ़ गया, जब स्पेन के पीएम ने ईरान पर हमलों की आलोचना की। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन की वामपंथी सरकार ने दक्षिणी स्पेन में ईरान के खिलाफ अभियान से संबंधित संचालन के लिए संयुक्त रूप से संचालित हवाई और नौसैनिक अड्डों का उपयोग करने से अमेरिकी विमानों को भी रोक दिया था।

इस कदम से ट्रंप नाराज हो गए थे, जिन्होंने पहले स्पेन पर पूर्ण व्यापार प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी।

### स्पेन की रक्षा मंत्री ने किया ऐलान

स्पेन की रक्षा मंत्री मागार्रीटा रोबल्स ने सोमवार को कहा कि हम ईरान के साथ युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए न तो सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति देते हैं और न ही हवाई क्षेत्र के उपयोग की। यह कदम पहली बार स्पेनिश अखबार एल पेस में प्रकाशित हुआ था, जिसमें सैन्य सूत्रों का हवाला दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रतिबंध के कारण पश्चिम एशिया में लक्ष्यों की ओर यात्रा करने वाले सैन्य विमानों को नाटो सदस्य स्पेन से होकर गुजरने के बजाय वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ेगा। हालांकि, आपातकालीन स्थितियों में हवाई क्षेत्र बंद करने का यह नियम लागू नहीं होगा।

# न्यूजीलैंड में सबसे बड़ा ड्रग का जखीरा बरामद, इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा चला रहा था रैकेट

**वॉशिंगटन।** न्यूजीलैंड में अब तक का सबसे बड़ा ड्रग्स का जखीरा पकड़ा गया है।



इस बरामदगी के आरोप में एक भारतीय मूल के शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा बताया जा रहा है।

न्यूजीलैंड में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग्स बरामदगी ने सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह पर एक बार फिर ध्यान केंद्रित कर दिया है। सतवंत सिंह 1984 में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल दो सुरक्षाकर्मियों में से एक था। सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा गया कि यह 'अंतरराष्ट्रीय अपराध, ऐतिहासिक विरासत और कानूनी जटिलता' के जटिल मेल को दिखाता है। न्यूजीलैंड के सबसे बड़े न्यूज संगठन 'स्टफ' की जांच का हवाला देते हुए, खालसा वॉक्स रिपोर्ट में कहा गया है कि बलतेज सिंह को रिकॉर्ड तोड़ ड्रग जब्ती के पीछे का मुख्य आरोपी बताया गया है। 28 मार्च को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूजीलैंड के किसी मीडिया आउटलेट ने पहली बार उसका नाम लिया है। इससे पहले, उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए लंबे समय से चले आ रहे कानूनी सुरक्षा को छोड़ने का फैसला किया था।

खालसा वॉक्स रिपोर्ट में बताया गया है, ₹लगभग दो साल तक, सिंह की पहचान न्यूजीलैंड के सख्त नाम छिपाने वाले कानूनों के तहत सुरक्षित रही। ये कानूनी नियम कोर्ट को किसी आरोपी की पहचान सार्वजनिक करने पर रोक लगाने की इजाजत देते हैं। हालांकि, ये सुरक्षा सिर्फ देश में ही लागू होते हैं। भारतीय पब्लिकेशन और कनाडा के सीटीवी न्यूज समेत इंटरनेशनल मीडिया आउटलेट ने पहले की रिपोर्ट में उनका नाम बता दिया था।

# इजरायल में बजट पास, नेतन्याहू सरकार को राहत

## 62-55 वोट से बजट मंजूर, समय से पहले चुनाव टले, रक्षा खर्च बढ़ा, विपक्ष ने उठाए सवाल



**तेल अवीव।** इस्राइल की संसद ने बजट पास कर दिया है, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार को राहत मिली और समय से पहले चुनाव टल गए। बजट 62-55 वोट से पास हुआ। विपक्ष ने इसे गलत प्राथमिकताओं वाला बताया और अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय को ज्यादा फंड देने का आरोप लगाया। रक्षा बजट बढ़ाया गया है।

इस्राइल की संसद ने सालाना बजट पास कर दिया है। इससे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, बजट पास होने के साथ ही समय से पहले चुनाव का खतरा टल गया है। अब सरकार अपने कार्यकाल को जारी रख सकती है। हालांकि इस फैसले के बाद विपक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। इसे गलत प्राथमिकताओं वाला बजट बताया है।

इस्राइल में एक अप्रैल तक बजट पास करना जरूरी था, नहीं तो देश में समय से पहले चुनाव हो सकते थे। संसद ने देर रात चली लंबी बैठक के बाद 62 के मुकाबले 55 वोट से बजट पास कर दिया। यह इस्राइल का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसके साथ ही नेतन्याहू सरकार के लिए सत्ता में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है।

### बजट पास होने से चुनाव क्यों टल गए?

बजट पास होने के बाद अब सरकार अपने कार्यकाल को पूरा करने की स्थिति में है। इस्राइल में चुनाव अक्तूबर तक होने हैं, लेकिन अगर बजट पास नहीं होता तो पहले ही चुनाव कराने पड़ते। हालांकि प्रधानमंत्री के पास अभी भी अधिकार है कि वे चाहें तो समय से पहले चुनाव करा सकते हैं। विपक्ष ने बजट को लेकर क्या आरोप लगाए विपक्ष ने इस बजट को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विपक्षी नेता यायर लापिड ने इसे देश के इतिहास की सबसे बड़ी लूट वाला वजट बताया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह जनता के साथ अन्याय है। खासतौर पर अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय के लिए बढ़ाए गए फंड को लेकर विरोध तेज है। बजट में किस पर ज्यादा खर्च किया गया इस बार के बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए करीब 20 प्रतिशत ज्यादा राशि रखी गई है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण रक्षा बजट बढ़ाकर लगभग 45 अरब डॉलर कर दिया गया है।

### क्या सुरक्षा हालात का असर संसद पर भी दिखा?

बजट पर चर्चा के दौरान कई बार ईरान से मिसाइल हमले की चेतावनी सायरन बजे। सुरक्षा कारणों से संसद की बैठक मुख्य सदन की बजाय ऐसे हॉल में हुई, जो बम शेल्टर के करीब है। यह स्थिति दिखाती है कि देश में युद्ध जैसे हालात का सीधा असर शासन पर भी पड़ रहा है।

### क्या जनता और राजनीति पर इसका असर पड़ेगा?

हाल के सर्वे बताते हैं कि जनता युद्ध का समर्थन कर रही है, लेकिन नेतन्याहू और उनकी सरकार को इसका पूरा फायदा नहीं मिल रहा है। चुनाव को आगे टालने से सरकार को समय जरूर मिला है, लेकिन अक्टूबर में होने वाले चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बन सकता है। इस्राइल पर ईरान की ओर से लगातार मिसाइल हमले हो रहे हैं और लेबनान में भी संघर्ष तेज हो रहा है। सरकार ने नागरिकों के लिए युद्धकालीन दिशा-निर्देश भी बढ़ा दिए हैं। ऐसे में आने वाले समय में हालात और तनावपूर्ण हो सकते हैं, जिसका असर राजनीति और चुनाव दोनों पर पड़ेगा।

# चीन-उत्तर कोरिया के बीच उड़ान सेवा फिर शुरू

## छह साल बाद बहाल हुई सीधी फ्लाइट, ट्रेन सेवा भी पहले ही शुरू

### चीनी पर्यटकों की वापसी की उम्मीद




**बीजिंग।** चीन और उत्तर कोरिया के बीच छह साल बाद सीधी उड़ान सेवा फिर से शुरू हो गई है। यह उड़ान सेवा बीते छह वर्षों से बंद थी और इसके चलते उत्तर कोरिया जाने वाले चीनी पर्यटकों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले चीन और उत्तर कोरिया के बीच ट्रेन सेवा भी बहाल हो चुकी है। चीन की राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर चाइना ने सोमवार को राजधानी बीजिंग और उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के बीच सीधी उड़ान सेवा फिर से शुरू कर दी। यह कदम दोनों देशों के बीच यात्री ट्रेन सेवाओं की बहाली के कुछ ही समय बाद उठाया गया है। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, एयर चाइना की इस उड़ान का स्वागत उत्तर कोरिया में चीन के राजदूत वांग याजुन और अन्य राजनयिकों ने किया। इससे पहले, 12 मार्च को चीन और उत्तर कोरिया के बीच यात्री ट्रेन सेवा भी दोबारा शुरू की गई थी।

कोरोना महामारी की शुरूआत से बंद थी ट्रेन और हवाई सेवाएं

कोविड-19 महामारी की शुरूआत के बाद से चीन ने उत्तर कोरिया के लिए उड़ान और ट्रेन सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दीं थी। हालांकि, उत्तर कोरिया की एयरलाइन एयर कोरियो ने 2023 में ही दोनों देशों की राजधानियों के बीच उड़ान सेवा बहाल कर दी थी। महामारी के दौरान उत्तर कोरिया ने सभी विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब वह धीरे-धीरे इन पाबंदियों में ढील दे रहा है। 2024 में रूस के पर्यटक समूहों ने उत्तर कोरिया का दौरा शुरू कर दिया था।

### उत्तर कोरिया जाने वाले पर्यटकों में 90 फीसदी चीनी पर्यटक की संख्या थी

प्रतिबंध से पहले उत्तर कोरिया आने वाले कुल पर्यटकों में लगभग 90 प्रतिशत हिस्सेदारी चीनी पर्यटकों की थी। ऐसे में चीनी पर्यटकों की वापसी में हो रही देरी ने विशेषज्ञों को चौंकाया था। अब ट्रेन और हवाई सेवाओं की बहाली से चीनी पर्यटकों की उत्तर कोरिया में आमद बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चीन और उत्तर कोरिया के संबंध मजबूत

चीन, उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और प्रमुख सहयोगी है। हालांकि, बीजिंग ने उत्तर कोरिया द्वारा किए गए मिसाइल परीक्षणों पर असंतोष भी जताया है, जो दक्षिण कोरिया और अमेरिका को निशाना बनाने में सक्षम हो सकते हैं। इस बीच, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने सितंबर में बीजिंग का दौरा किया था और एक भव्य सैन्य परेड में हिस्सा लिया था। यह दशकों में पहली बार था जब किसी उत्तर कोरियाई नेता ने चीनी सैन्य परेड में शिरकत की थी।




# मिठाई की गोली देकर 12% ब्याज की धमकी

## हिमांशु लव ने नगर निगम पर लगाया दोहरी नीति का आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व निगम पार्षद पं० हिमांशु लव ने नगर निगम गाजियाबाद पर हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पहले नगर निगम ने बढ़े हुए हाउस टैक्स को कम करने का आश्वासन देकर व्यापार मण्डलों का धरना समाप्त कराया और अब 12 प्रतिशत ब्याज वसूलने की बात कही जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में विभिन्न व्यापार मण्डलों द्वारा घंटाघर स्थित भगत सिंह प्रतिमा के पास बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में धरना दिया गया था। नगर निगम अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया था कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स कम किया जाएगा और अतिरिक्त जमा राशि को आगामी कर में समायोजित किया जाएगा।

पं० हिमांशु लव ने कहा कि अब समाचार पत्रों में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील राय का बयान प्रकाशित हुआ है, जिसमें हाउस टैक्स जमा न करने वालों पर 12 प्रतिशत ब्याज लगाने की बात कही गई है। यह पूरी तरह विरोधाभासी है और जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम स्वयं स्वीकार कर चुका है कि शहर की बड़ी संख्या में लोगों ने हाउस टैक्स जमा नहीं किया है, जिससे स्पष्ट है कि 100 से 300 प्रतिशत तक बढ़े टैक्स का व्यापक विरोध हो रहा है।

पहले 20 प्रतिशत तक की छूट देकर लोगों को आकर्षित किया गया, लेकिन जब जनता नहीं मानी तो अब ब्याज का डर दिखाया जा रहा है। उन्होंने व्यापार मण्डलों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने घोषणा की थी कि धरना तब तक जारी रहेगा जब तक हाउस टैक्स कम नहीं होगा, लेकिन आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

पं० हिमांशु लव ने आरोप लगाया कि नगर निगम की मंशा है कि 50 से 60 प्रतिशत लोग दबाव में आकर टैक्स जमा कर दें, ताकि शासन को यह दिखाया जा सके कि अधिकांश जनता बढ़ा हुआ हाउस टैक्स स्वीकार कर चुकी है। उन्होंने नगर निगम से स्पष्ट नीति सामने रखने की मांग करते हुए कहा कि जनता को भ्रमित करना बंद किया जाए और हाउस टैक्स के मुद्दे पर पारदर्शी समाधान निकाला जाए।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की रही धूम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। कविनगर में रथ यात्रा निकाली गई। श्री शीलचन्द्र पवन कुमार जैन जी परिवार की प्रमुख रूप से भागीदारी रही। आस्था और श्रद्धा के इस पर्व में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पीएम की रैली को लेकर जहां कर दिये थे वेस्टर्न वाले सिसौदिया जी ने रात और दिन एक? वहीं हम दे रहे हैं आपको यहां पर लाईन पार वाले सिसौदिया जी के अपडेट? पता चला है इन्होंने तो बिल्कुल भी नहीं किया बसें भरने में सहयोग? बंद कर दिया इन्होंने रैली वाले दिन अपने मोबाईल का उपयोग? हो गये ये बिल्कुल मौन? फोन मिलाया तो सुनाई दी हमें स्विच ऑफ वाली टोन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे शपथ ग्रहण के बाद एक नामित के पास? हमने उससे कहा इस बार कुछ मजा नहीं आया खास? ऐसी शपथ लेने का क्या फायदा? फिर नामित ने हमको चुप कराया और बोला? बताता हूं मैं तुम्हें क्या है कायदा? मुदानगर नगर पालिका वाली शपथ से दो मैम्बरों के दूर रहने की बात दिलाई उसने याद? कहा तीन साल तक फिर ये दोनों शपथ नहीं ले पाये? चेयरमेन ने नहीं किया उनको याद? हम नहीं चाहते थे अपने साथ ऐसे हालात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था लोनी के एक प्रबल गुर्जर दावेदार के पास? वो प्रकट कर रहे थे किसी से अपने जज्बात? कह रहे थे क्रान्तिकारी विधायक की बढ़ती हुई फोलोइंग से मैं हो गया हूं हैरान? अगर इसी तरह से लोकप्रियता का परचम लहराता रहा? तो फिर हमारी भागदौड़ का कुछ भी नहीं मिलेगा ईनाम? जिस तरह से इनके सपोटर्स का मामला सोशल मीडिया पर डट रहा है? हमें तो नहीं लगता कि इस बार भी इनका टिकट कहीं से कट रहा है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नामित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह की दूरी को वो ना जाने कैसे-कैसे सह रहे थे? सुना है संगठन के ये चेहरे अपने मन की बात किसी से कह रहे थे? दे रहे थे ये अपने खास चेहरे को पैगाम? शपथ में संगठन से लेकर तमाम पार्टी के बड़े चेहरों को बुलाना चाहिए था? निपटाने वालों ने निपटा दिया ऐसे ही सारा काम? नामित तो वैसे भी है सरकार की घोषणा? शपथ के दिन हमारे लिए भी चाहिए था उनको सोचना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि युवा क्रान्तिकारी त्यागी ने येढ़ा बनकर पेड़ा खाने वालो के साथ दी दिल्ली वाले दरबार में दस्तक? तब इन्होंने उपाध्यक्ष से कहा मोर्चे वाले मैटर में आप निभाना मेरा साथ? ये सुनकर पेड़ा खाने वालों ने भी तपाक से दिया जवाब? वो बोले हमने अपने मन का प्रदर्शन कर दिया है? नदिया पार के चौधरी का मार्गदर्शन कर दिया है? तुमने आने में देर कर दी है हुजूर? हम कर चुके हैं उनसे वादा? अब पलटना मुश्किल है उससे हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मीडिया वाले जो हुए हैं नामित? उनके पास है एक ऐसी बात? जिसको जानने के लिए वर्मा जी उनको टटोलेगें? तब सब स्पष्ट हो जायेगा साहब? सुना है मीडिया वाले नामित चौधरी को किसी ने दिया है स्पष्ट संदेश? फेसबुक पर इतना क्यों लिखता है वर्मा जी का फेस? वर्मा जी टटोलेंगे चौधरी को तो क्लियर हो जायेगा पूरा केस? पता चल जायेगा वो कौन सा चेहरा है जिन्हें भा नहीं रहा है किंग के ब्रदर का सोशल मीडिया पर लेख?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं शपथ ग्रहण के दौरान खड़ा था दो चेहरों के पास? दोनों के चेहरों पर थी बहुत ही खुशी वाली मुस्कुराहट? दोनों ने लिए हुए थे लैटर पैड? एक ने अपने लैटर पैड पर नामित पार्षद लिखा था तो दूसरे ने सिर्फ पार्षद लिखकर दिया हुआ था पैगाम? नामित को इग्नोर करने वाले पूछ रहे थे मैंने ये ठीक किया ना श्याम? श्याम ने खेली है पहलवान के साथ लंबी पारी? उन्होंने कहा नामित तो लिखना पड़ेगा? नहीं तो बनाने वाले इसे मुद्दा बना सकते हैं भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने चीफ से कहा मेरे पूछे बिना आपने उसके एरिया में कैसे कर दिया काम? चीफ बोले मैंने तो ये सब कुछ साहब के कहने पर किया है आला-कमान? सुना है आला-कमान इस बात को सुनकर हो गये नाराज? चर्चा है अब एक चेहरे की वजह से फिर से फाईलें अटकना शुरू हो जायेंगी? क्योंकि जो भी कुछ हुआ है आला-कमान को अच्छा नहीं लगा है जनाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है भगवा सौलंकी अब नहीं हैं किसी बड़े चेहरे से मुकाबला करने के तेवर में? सुना है ज्यादा क्रान्ति करने की वजह से विकास वाला मामला नहीं हो रहा है उनके फेवर में? जब उनसे पूछने वाले ने पूछे उनके नामित वाले शपथ ग्रहण को लेकर जज्बात? तब उन्होंने नो कमेंट कहकर खत्म कर दी बात? साफ तौर पर करें तो उन्होंने डाल दिये हथियार? कर लिया उन्होंने सामने वाली की ताकत को स्वीकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा खेड़ा जी ने कर दिया है क्लियर? उनका धौलाना से विधानसभा की दावेदारी का इरादा बिल्कुल भी नहीं है डियर? उन्होंने ये बात तब बोली जब वो बैठे थे भगवा योद्धा के नियर? कहा मेरी वहां से नहीं शहर से है विधानसभा की तैयारी? आप मेरा ये पैगाम कर सकते हो अपने अखबार में जारी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# 115 करोड़ रुपए के बुनकर मार्ट प्रोजेक्ट में लापरवाही पर गाज

## जीडीए उपाध्यक्ष ने दिए पेनाल्टी के निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मधुबन बापूधाम में निर्माणाधीन 'बुनकर मार्ट सह एक्सपो एवं कन्वेंशन सेंटर' को लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण सख्त रुख अपना रहा है। सोमवार को परियोजना स्थल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जीडीए उपाध्यक्ष ने कार्य में देरी और श्रमिकों की कम संख्या पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ नियमानुसार पेनाल्टी (जुर्माना) लगाने के साथ-साथ कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष के साथ अपर सचिव, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता और तकनीकी टीम मौजूद रही। उपाध्यक्ष ने परियोजना की प्रगति की एक-एक बिंदु पर समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साइट पर मौजूद अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से ग्राउंड पर रहकर कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

लगभग 115 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह कन्वेंशन सेंटर दिल्ली के 'भारत मण्डपम' की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय बुनकरों, शिल्पकारों और हस्तशिल्प कारीगरों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का विपणन मंच प्रदान करना है। यहाँ आयोजित होने वाली प्रदर्शनी और एक्सपो के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को सीधे वैश्विक बाजार से जोड़ा जा सकेगा।

### प्रोजेक्ट की मुख्य विशेषताएं

**आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर** : विशाल एक्सपो हॉल और विभिन्न श्रेणियों की दुकानें व स्टॉल।
**क्षमता** : लगभग 560 सीटों वाला भव्य ऑडिटोरियम और 80 सीटों का कॉन्फ्रेंस हॉल।
**अन्य सुविधाएं** : फूड कोर्ट, म्यूजियम और आगंतुकों के लिए विश्वस्तरीय जनसुविधाएं।

### रोजगार और व्यापार को मिलेगी नई उड़ान

**करंट क्राइम।** परियोजना के पूर्ण होने पर गाजियाबाद न केवल एक व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरेगा, बल्कि इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह सेंटर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों और व्यापार मेलों का मुख्य केंद्र बनेगा, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक और वाणिज्यिक पहचान सुदृढ़ होगी।

# नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित, लापरवाही पर नाराजगी



**पिलखुवा, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा की पालिकाध्यक्ष द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सफाई नायक संजय कुमार, राजेश, मनीष एवं सफाई निरीक्षक दीपक कुमार से बिंदुवार जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न वार्डों में सफाई कार्य की स्थिति, कूड़ा उठान, नालियों की सफाई एवं कर्मचारियों की उपस्थिति आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पालिकाध्यक्ष ने कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर असंतोष व्यक्त किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमित रूप से कूड़ा उठान, नालियों की सफाई एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पालिकाध्यक्ष ने यह भी कहा कि शहरवासियों को बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसके लिए सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करें। साथ ही, कार्य में सुधार लाकर अगली समीक्षा बैठक में बेहतर परिणाम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर कविनगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में एक शाम महावीर के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री जिनवर ज्योति पुंज कविनगर के पदाधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंचन के माध्यम से तीर्थंकर बालक के जन्म, सौधर्म इंद्र-इंद्राणी के भक्ति नृत्य और कुबेर द्वारा रत्न वर्षा के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए गए, सह-आयोजक गरिमा जैन परिवार द्वारा आकर्षक उपहार वितरित किए गए। साथ ही विशेष प्रस्तुतियों के माध्यम से महावीर भगवान की शिक्षाओं, विशेषकर जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने अहिक्षेत्र बरेली स्थित जैन गौशाला की सेवा का आजीवन संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्षा तृप्ति जैन, मंत्री रचना जैन, कोषाध्यक्ष स्वाति जैन, संयोजिका शिल्पा जैन, प्रचार मंत्री श्वेता जैन सहित वरिष्ठ संरक्षिकाएं शारदा जैन व वीना जैन तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा मंदिर समिति के पदाधिकारी और सकल जैन समाज के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भजन गायक अभिषेक जैन ने अपने मधुर भजनों से समा बांध दिया और कार्यक्रम के अंत तक श्रद्धालुओं को भावविभोर रखा। इसके अलावा प्रातःकाल भगवान श्रीजी को रथ में विराजमान कर कविनगर में भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान रचना जैन परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित कर प्रसाद ग्रहण कराया गया।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने किया लोनी में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

## जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कार्यकताओं को अभी से कमर कस लेनी होगी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन शुरू कर दिया है। इसके तहत लोनी विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा कहा कि ने पार्टी का लक्ष्य आगामी यूपी विधान सभा चुनाव में दमदार परफॉर्मेंस कर फतेह हासिल करना है। इसके लिए सभी कार्यकताओं को अभी से कमर कसके मैदान में उतरना होगा। चुनाव में अब एक साल से भी कम का समय रह गया है। उन्होंने बीजेपी सरकार पर तेल गैस की किल्लत पर फर्जी बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

लोनी शहर में राहुल गार्डन में आयोजित लोनी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि यूपी चुनाव को फतेह करने का लक्ष्य पूरा करने के बाद 2029 में राहुल गांधी को पीएम बनाने के पार्टी के लक्ष्य को भी भेदना है, क्योंकि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है।

जिला अध्यक्ष शर्मा ने बीजेपी सरकार पर तेल गैस की किल्लत को लेकर परेशान जनता को फर्जी बयानबाजी कर गुमराह करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार कह रही है कि पेट्रोल में एक लीटर में 10 रुपए की छूट दी गई है, लेकिन सच्चाई ये है कि पेट्रोल पंपों पर ऐसी कोई छूट नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि सरकार और बीजेपी को झूठ फैलाने में बड़ी महारत हासिल है। उन्होंने जनता को सचेत करते हुए बीजेपी के झूठ में ना फंसकर इससे सावधान रहने को कहा। पार्टी संगठन के इस सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि पद से कॉर्डिनेटर राजकुमार पंडित, जिला महासचिव विनोद धामा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मामराज प्रधान, जिला महासचिव रिजवान मलिक, रियाज सैफी, तथा मंडल अध्यक्ष आबिद अली समेत सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोनी शहर अध्यक्ष अजय शर्मा व संचालन विनोद धामा ने किया।

# संविधान प्रचार समिति ने किया डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के सदस्यों का सम्मान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संविधान प्रचार समिति की ओर से गांव रायपुर में सोमवार को एक कैडर कैंप का आयोजन किया गया। कैडर कैंप में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। यह समिति लखनऊ में पंजीकृत है। समिति की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में कैडर कैंप का आयोजन कर सदस्यों को शामिल किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और संविधान में दिए गए अधिकारों की जानकारी देना है।



डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष ने बताया कि जन्मोत्सव समारोह के दौरान बाबा साहेब के आदर्शों और उनके कार्यों की जानकारी दी जाएगी। समिति की ओर से हर साल नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में धूमधाम से बाबा साहेब का जन्मोत्सव मनाया जाता है इस दौरान संविधान में दिए गए अधिकारों और बाबा साहेब के जीवन के बारे में लोगों को अवगत कराया जाता है।

# हापुड रोड पर ट्रक पलटा बड़ा हादसा टला

## खुदाई और खराब रास्ते से बिगड़ा संतुलन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र में मोदीनगर से हापुड़ जाने वाले मार्ग पर चल रहे सड़क चैड़ीकरण कार्य के बीच रविवार देर रात एक बड़ा हादसा होते.होते टल गया। निर्माण कार्य के चलते सड़क के दोनों ओर खुदाई और असमतल रास्ता बना हुआ हैए जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। हरियाणा से हापुड़ की ओर जा रहा एक ट्रक, जिसमें गेहूं की बोरियां लदी थीं, देर रात इस मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने वाहन को सड़क से नीचे उतार दिया। लेकिन सड़क किनारे खुदाई और ढीली मिट्टी होने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया, लेकिन आसपास वाहनों के ना होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रक पलट जाने से घंटों यातायात प्रभावित रहा।



## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।